हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
PRESS राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, गुरुवार
20.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 20
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं: पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। हमारे लिए हमारे आराध्य देव से बड़ा कुछ नहीं होता है। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, तथा कई पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वे हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण करते दिख रहे हैं।छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्यायप्रियता ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। हमें इस बात का गर्व है कि दुनिया के कई देशों में आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियों की चर्चा होती है और उस पर शोध होता है। इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी करनी है। यह यात्रा होगी छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का भारत बनाने में। यह यात्रा होगी स्वराज, सुशासन और आत्मनिर्भरता की। यह यात्रा होगी विकसित भारत की। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं।

शिवाजी महाराज जयंती पर किया नमन

भारत अब कई क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है। वो वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर रोशनी डालते हुए कहा कि देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है, जिसमें महत्वाकांक्षी मिशनों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में वृद्धि हुई है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) भारत की प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति का सबूत है, जो गगनयान, चंद्रयान-4 और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, भारत के आगामी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, जिसने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया, उसने इसरो को चंद्र अन्वेषण में सबसे आगे खड़ा कर दिया है।

रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, कल लेंगी शपथ

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री पद को लेकर संशय आज खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज शाम पार्टी के दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री पद के लिए शालीमार बाग की विधायक रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान किया गया। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी।वह कुछ देर में दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगी। वह 20 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज शाम आयोजित विधायक दल की बैठक में नई दिल्ली से विधायक प्रवेश वर्मा और रोहिणी से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने ध्वनिमत से समर्थन किया। इससे पहले शाम सात बजे जब विधायक दल की बैठक शुरू हुई तो भी शालीमार बाग से विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। क्योंकि देश में जिन

भी राज्यों में अभी भाजपा सरकारें हैं, वहां कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं है। बुधवार को विधायक दल की बैठक के लिए जब रेखा गुप्ता आईं तो मीडिया के सामने भी जीत का निशान (विक्ट्री साइन) दिखा कर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं। रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं, जो दिल्ली में अच्छी खासी संख्या में है। वैश्य समुदाय को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता की पढ़ाई की बात करें तो उन्होंने एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की है। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। वह बचपन में ही पिता के साथ दिल्ली आ गईं । छात्र जीवन में एबीवीपी से राजनीति में एंट्री की। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर थे। इसी नौकरी के दौरान उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली शिफ्ट हो गए। दिल्ली विधानसभा का चुनाव रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को हराकर जीता है। रेखा गुप्ता को कुल 68200 वोट मिले थे जबकि आआपा की वंदना कुमारी 38605 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। यहां से कांग्रेस के प्रवीण कुमार जैन 4892 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

संक्षिप्त समाचार

ज्ञानेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद संभाला

नई दिल्ली। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को अपना पद संभाल लिया है। वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार देश के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए हैं। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले सीईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। इससे पहले सीईसी पद पर रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हुए थे। ज्ञानेश कुमार के 4 साल के कार्यकाल के दौरान 20 राज्य और 1 एक केंद्र शासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा।ज्ञानेश कुमार के अलावा विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में 17 फरवरी को हुई बैठक में इन नियुक्तियों पर मुहर लगी थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे।

शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने 5 राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को दी मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है।

राजस्थान सरकार का पूर्ण बजट पेश, वित्तमंत्री ने लगाई तोहफों की झड़ी

- कहा-सबकी फिक्र में खुद को मिटाती हूं, हर वादा दिल से मैं निभाती हूं

जयपुर। राजस्थान सरकार का आज दूसरा पूर्ण बजट पेश हुआ। प्रदेश की वित्त मंत्री और डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने प्रदेशवासियों को कई तोहफे दिए। इस दौरान उनका शायराना अंदाज भी देखने को मिला। सत्ता पक्ष ने खूब मेज थपथपाई गई। दिया ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमने बजट घोषणा की 73 फीसदी प्रगति सुनिश्चित की है। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बजट पेश करते हुए अपने शायराना अंदाज से भी लोगों का परिचय कराया। वित्ती मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि वह सदन में मौजूद सभी सदस्यों को आगे भी सभी वादों को तीव्रगति से क्रियान्वयन सुनिश्चत करने के लिए आश्वस्त करते हुए कहा-सबकी फिक्र में खुद को मैं मिटाती हूं, हर वादा अपना दिल से मैं निभाती हूं। दिया कुमारी ने बजट पेश करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने कम समय में 9600 किलोमीटर की सड़कें बनाई हैं। दिया ने एक हजार ट्यूबवेल और 1500 हेड पंप लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा 50 हजार नए कृषि कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य रखा है।

देश की प्रगति के लिए गांवों का विकास जरूरी: शिवराज सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की कार्यकारी समिति के 77वें सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व बंधुत्व में विश्वास करने वाला देश है। हम सभी प्राणियों में सद्भाव एवं विश्व कल्याण की भावना रखते हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है, यह हमें अपने घरों व अपने समुदाय, अपने देशों, अपने ब्रह्मांड से दूर जाने और पूरे ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में मानने के लिए कहता है। हमारे ऋषियों ने भी कहा है कि केवल हम ही नहीं बल्कि सब सुखी, निरोग व सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो, इसी भाव को

मोदी सरकार अपनी धरती पर उतारने की कोशिश कर रही है। ललित होटल में आयोजित सत्र में चौहान ने कहा कि दुनिया का बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में बसता है। भारत में भी बहुत बड़ा हिस्सा गांवों में ही बसता है। जब तक गांवों की प्रगति नहीं होगी तब तक किसी भी देश की प्रगति नहीं हो सकती। कार्यकारी समिति की बैठक का 77वां सत्र निश्चित रूप से आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के लिए आधार बनेगा, जब एएआरडीओ अपने विविध कार्यक्रमों का विश्लेषण करेगा। एक और महत्वाकांक्षी त्रिवर्षीय अवधि 2025-2027 पर विचार करेगा जिसमें एएआरडीओ के कार्यनीतिक ढांचे का व्यापक मध्यावधि मूल्यांकन और समीक्षा शामिल होगी। चौहान ने बताया कि लखपति दीदी पहल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर उनके उत्थान के लिए हमारी सरकार के प्रयासों की आधारशिला है। इस पहल के तहत हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वयं सहायता समूहों की दीदीयां स्थायी आजीविका के माध्यम से प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये कमाएं। हमारी सरकार ने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है जिसमें से अब तक 1.15 करोड़ लखपति दीदी बन चुकी है। हमारी लखपति दीदीयां, सिर्फ आय ही नहीं कमा रही हैं, वे अपने परिवारों और समुदायों की प्रगति में प्रभावी भूमिका भी निभा रही हैं। वे दूसरों के लिए आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाने वाली आदर्श बन गई हैं। विभिन्न जिलों में हजारों महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं तथा कृषि, डेयरी फार्मिंग, उद्यमशीलता तथा अन्य संबद्ध गतिविधियों से नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयुक्त नियुक्ति मामले की सुनवाई टली

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी।

समय की कमी के चलते जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच ने मामले को आगे बढ़ाते हुए जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है। याचिकाकर्ताओं ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए गठित समिति में चीफ जस्टिस (सीजेआई), प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को शामिल करने का आदेश दिया गया था। लेकिन सरकार ने नया कानून पास कर इस समिति से सीजेआई को हटा दिया और उनकी जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री को शामिल कर दिया। इस कानून को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), लोक प्रहरी और जया ठाकुर समेत कई संगठनों और व्यक्तियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी की नियुक्ति को भी असंवैधानिक बताते हुए याचिका दायर की है। जया ठाकुर के वकील ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की पारदर्शिता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया, पूरी दुनिया में प्रार्थना का दौर जारी

वेटिकन सिटी। कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस (88) के दोनों

फेफड़ों में गंभीर निमोनिया हुआ है, इसकारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वेटिकन के अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले एक हफ्ते से फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं और उन्हें शुक्रवार को रोम के एक अस्पताल में भर्ती किया गया। सूत्रों के मुताबिक, पोप फ्रांसिस को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। फिलहाल, उनका इलाज एंटीबायोटिक्स और ऑक्सीजन थैरेपी के जरिए किया जा रहा है। बात दें कि पोप फ्रांसिस की सेहत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रही है। पिछले साल भी उन्हें फेफड़ों में इंफेक्शन और हृदय संबंधी दिक्कतों के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके अलावा, उनकी घुटने की परेशानी के कारण भी वे लंबे समय तक व्हीलचेयर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं पोप की बिगड़ती तबीयत को लेकर कैथोलिक समुदाय में चिंता बढ़ गई है। वेटिकन और दुनिया भर में उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन किया जा रहा है। पोप फ्रांसिस पहले भी कह चुके हैं कि अगर उनकी सेहत उन्हें चर्च का नेतृत्व करने से रोकेगी, तब वे पद छोड़ने पर विचार कर सकते हैं।

इसरो ने बनाया स्वदेशी प्रोपेलेंट मिक्सर...इस मामले में अमेरिका, रूस और चीन से आगे निकला भारत

एजेंसी। नई दिल्ली

आप जरा सोचिए-अगर रॉकेट में प्रणोदक ना हो तब क्या होगा? रॉकेट ऊपर ही नहीं जा पाएगा! यह ठीक वैसे ही है, जैसे बिना पेट्रोल के गाड़ी नहीं चलती है। प्रणोदक रॉकेट को धक्का देता है और रॉकेट को ऊपर ले जाता है। ये तरह-तरह के हो सकते हैं, जैसे ठोस, द्रव और गैस। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सॉलिड मोटर्स के लिए स्वदेशी रूप 10-टन प्रोपेलेंट मिक्सर' बनाया है। इस प्रोपेलेंट मिक्सर को इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु के सहयोग से तैयार किया गया है। इस प्रोपेलेंट मिक्सर को इसरो के लिए एक और मील का पत्थर बताया जा रहा है। 10-टन वर्टिकल मिक्सर का वजन करीब 150 टन है और इसकी लंबाई 5.4 मीटर, चौड़ाई 3.3 मीटर और ऊंचाई 8.7 मीटर है। इसरो ने कहा, स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर का निर्माण भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है। दरअसल यह 10-टन वर्टिकल मिक्सर सॉलिड प्रोपेलेंट की प्रोसेसिंग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा वर्टिकल प्रोपेलेंट मिक्सर है। जो कि किसी बड़े तकनीकी चमत्कार से कम नहीं है।

भाजपा साबित करें मेरे कट्टरपंथियों से संबंध हैं तत्काल इस्तीफा दे दूंगी : ममता

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मुझ पर आतंकियों और कट्टरपंथियों से संबंध रखे जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि ये आरोप साबित कर दें तो मैं तत्काल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगी। राज्य विधानसभा को संबोधित करते हुए ममता ने अपने खिलाफ बेबुनियाद टिप्पणियां करने के लिए भाजपा विधायकों की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह के दावों की शिकायत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगी।टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, भाजपा नेता और विधायक बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि मेरे कश्मीर में आतंकवादियों और बांग्लादेश के आतंकवादियों व कट्टरपंथियों से संबंध हैं। अगर भाजपा साबित कर दे कि मेरे आतंकवादियों और कट्टरपंथियों से संबंध हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगी।

हमारा कानून हमारी पुलिस
न्यायप्रहरी
www.nyaayeprahri.in
न्याय की आवाज़, न्याय को आवाज़
20-26 Feb 2025
झारखंड में गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध, नोटिफिकेशन जारी
नया नियम लागू
महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, झारखंड पुलिस अलर्ट

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को खरगे ने चेताया, कहा- चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेही तय होगी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां पार्टी के शीर्ष नेताओं से कहा कि वे सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य में होने वाले चुनावों के परिणामों के लिए जवाबदेह ठहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने दलबदलुओं के खिलाफ भी चेतावनी दी। खरगे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई शर्मनाक पराजय के बाद आज यहां इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने और बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करने तथा ऐसे लोगों को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जो संगठन के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। संगठन को राज्य मुख्यालय से बूथ

तक जल्द से जल्द मजबूती से खड़ा करना होगा। इस काम के लिए ख़ुद बूथ तक जाना होगा, मेहनत करनी होगी और कार्यकर्ताओं से सम्पर्क साधना होगा। अगर आप खुद निचले स्तर पर बूथ, मंडल और ब्लॉक स्तर पर जाएंगे, जिला और राज्य स्तर पर जाएंगे तो वहां नए लोगों को जोड़ पाएंगे। भरोसेमंद और विचारों से मजबूत लोगों को अपने साथ ला पाएंगे। पार्टी के आनुषंगिक संगठनों को इसमें भागीदार बनाना होगा। श्रमिक संगठन इंटक की चर्चा करते हुए खरगे ने कहा कि वो हमारे अहम हिस्सा हैं, उन्हें भी संगठन निर्माण में भागीदार बनाइए। ऐसे लोग जो पार्टी के लिए बहुत कारगर हो सकते हैं लेकिन उन्हें मौक़ा नहीं मिला तो उन्हें आप आगे ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के आदर्शों के प्रति संकल्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह हमारे साथ खड़े रहें। इन दिनों पार्टी का "संविधान बचाओ अभियान" चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, नुक्कड़ सभा जैसी गतिविधियां चलाई जा सकती हैं लेकिन ऐसे हर कार्यक्रम का लक्ष्य संगठन का सशक्तीकरण होना चाहिए।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात और ओलावृष्टि

एजेंसी : रांची झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 ड्रिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक, सरकार के कामकाज समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी : रांची। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत पार्टी के अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

खतियान विसंगति से परेशान चिक बड़ाइक समाज, राज्यपाल से समाधान की मांग

एजेंसी :रांची। चिक बड़ाइक समन्वय समिति के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और खतियान में नाम दर्जीकरण की विसंगति को लेकर अपनी समस्या रखी।शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि कहीं चिक, कहीं बड़ाइक और कहीं चिक बड़ाइक दर्ज है, जबकि ये तीनों एक ही समुदाय से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि चिक बड़ाइक को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन इस भ्रम की वजह से खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे भूमि सुरक्षा प्रभावित हो रही है।समिति ने राज्यपाल से इस विसंगति को दूर करने और जरूरी पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

एजेंसी : रांची। झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की । शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

मैराथन बैठकें करने 21 को रांची आएंगे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

एजेंसी : रांची। झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर और ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर शाम चार बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचेंगे। प्रदेश प्रभारी शाम 6.30 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे।

नाला में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी:रांची खूंटी। तपकारा थाना क्षेत्र के कालेट नाला में डूबने से सोमा मुंडा (52) की मौत हो गयी। वह चम्पाबहा गांव का रहने वाला था। घटना मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार सोमा को मिर्गी की बीमारी थी। घटना के दिन वह अपनी पत्नी के साथ जड़ी बूटी खोजने जंगल की ओर जा रहा था। उसी बीच वह शौच के लिए चला गया। शौच के बाद वह नाले के पास पहुंचा, वहीं उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर काम करें मुखिया : उपायुक्त

एजेंसी:रांची

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री बुधवार को रांची के शहीद चौक स्थित अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में आयोजित मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए। यह कार्यक्रम जिले के सभी मुखिया के उन्नमुखीकरण के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी मुखिया से कहा कि आप सभी स्कूलों में शत प्रितशात बच्चों की उपिस्थित के लिए काम करें। शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100 प्रतिशत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, इस पर ध्यापन दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मुखिया के फंड से जो काम किये जा रहे हैं उस पर उनसे सहभागिता निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय की गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले, इस पर सभी संबंधित पदाधिकारी और शिक्षकों को ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 19 मुखियाओं को उपायुक्त ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है। प्रायः देखा जाता था कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे विद्यालय न जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजनों के साथ काम कर रहे हैं। इससे ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नहीं हो पाता था, लेकिन, सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चे भी स्कूल जा रहें है। इससे शिक्षा में काफी बदलाव आया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष, निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, वीणा चौधरी और जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राजेश कुमार साव, समेत अन्यम मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी:रांची

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।''

राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल का दल

एजेंसी:रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद स्थित 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल के छात्र और विद्यालय परिवार के सदस्य राजभवन में मिले। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले ही इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहना की। वहीं राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

टेक्निकल छात्र संघ ने की झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के प्रभारी कुलसचिव से मुलाकात

एजेंसी:रांची

टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। इस दौरान विश्वविद्यालय के करिकुलम डायरेक्टर स्नेह भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छह माह विलंब से चल रही एमबीए, एमटेक, बीटेक की परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में ही हुई है, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पूर्व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे छात्र परेशान हैं। एमबीए की भी परीक्षा हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं निकाला गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी किसी भी सेमेस्टेर की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता जुलता प्रोविजनल रिजल्ट कॉलेजों को भेजता है और यहां के कर्मचारी छात्रों से पास कराने के एवज में पैसा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी रिजल्ट को अपनी साइट पर जारी करती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता है। प्रभारी कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि इस संबंध में लिखित शिकायत करें, जरूर कार्रवाई होगी।

22 दिनों से लापता हर्ष की क्षत विक्षत मिली लाश, सड़क जाम

एजेंसी:पलामू

पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महुलिया से 22 दिनों से लापता हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। बच्चे के घर से एक किलोमीटर दूर हदहदवा नाला के पहाड़ी के पास से बरामद किया गया। पैर का हिस्सा एवं कपड़े से शव की पहचान की गयी। पैर का हिस्सा एवं खोपड़ी केवल मिली है। मौके से एक टांगी भी मिली है। धड़ से कमर का हिस्सा गायब है। जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की गयी। सूचना मिलने पर एसएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स ले जाया जाएगा। क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया है। बुधवार को गांव की एक महिला हदहदवा नाला के पहाड़ी की तरह गयी थी। उसने एक बच्चे का शव क्षत विक्षत देखा। इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे एवं जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की। शव की शिनाख्त होते ही परिजन चितकार मारकर रोने बिलखने लगे। अन्य ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं एवं आक्रोशित लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे एवं विशेष टीम गठित कर घटना का उदभेदन करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि 27 जनवरी शाम करीब साढ़े पांच बजे से 14 वर्षीय हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद लापता हो गया था। पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव का कहना है कि इस तरह की घटना से यहां के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह घटना दिल दहला देने वाली है। थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आज हर्ष के साथ ऐसी घटना हुई। आने वाले दिन में उनके बच्चों के साथ भी हो सकती है। इस तरह की घटना की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर कार्रवाई करें।

आरुणि ने एसआर डीएवी का बढ़ाया मान

एजेंसी:रांची



राजधानी रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल (बैच 2022) के पूर्व छात्र आरुणि प्रसाद ने एनसीसी (नेवी विंग) में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आरूणी को एनसीसी में ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (5वां स्थान) – नेवी विंग मिला है। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल के लिए ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड कैडेट के रूप में चयन किया गया है। अरूणी का चयन 50 मीटर श्रेणी में देश के शीर्ष 15 सर्वश्रेष्ठ शूटरों में हुआ है। उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए भी किया गया है। आरूणी की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने भावी कैडेट्स के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने आरुणि प्रसाद को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने आरुणि प्रसाद को विद्यालय के एनसीसी विंग के छात्रों को मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आरुणि प्रसाद की सफलता एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करती है और उनका मार्गदर्शन निश्चित रूप से अन्य कैडेट्स की आकांक्षाओं को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

रांची में होली पर कवि सम्मेलनः हास्य, व्यंग्य और वीर रस की होगी बौछार

एजेंसी:रांची

राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

एजेंसी:रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार रांची जिला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन और सहकारिता, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग तथा नगर विकास विभाग की ओर से जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की।उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। साथ ही कार्यादेश जारी होने के बाद किसी वेंडर की ओर से काम में अनियमितता बरते जाने पर उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने मौके पर अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी

संक्षिप्त समाचार

प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी के रिटायर अभियंता के आवास में चोरी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मलः बोकारो थर्मल जीएम कॉलोनी स्थित आवास संख्या जीएम 19 में रहनेवाले प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी के रिटायर अभियंता आनंद प्रकाश मेहता के आवास का ताला तोड़कर मंगलवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है.आनंद प्रकाश मेहता सपरिवार अपनी पुत्री के पास पुणे एम सप्ताह पूर्व गये हुए हैं.चोरों द्वारा चोरी की घटना की जानकारी पड़ोसियों ने बुधवार को आवास का ताला टूटा हुआ देखने पर मोबाइल से उनको दी.पड़ोसियों ने देखा कि घर के अंदर का सारा सामान तितर बितर किया हुआ है.साथ ही स्टील आलमारी भी टूटा हुआ है.श्री मेहता गुरुवार को पूणे से वापस लौटेंगे तभी चोरी की पूरी जानकारी मिल पाएगी.

PC & PNDT अधिनियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में PC & PNDT (Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques) अधिनियम की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सतर्कता बढ़ाने और निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर- बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, डीपीएम हीना सिंह अरोड़ा, DMFT फैलो समेत अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

PC & PNDT अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्णय- बैठक में तय किया गया कि जिले में PC & PNDT अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। इसके तहत—

- निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा।
- अवैध लिंग परीक्षण पर कड़ी कार्रवाई होगी।
- जनजागरण अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक किया जाएगा।

उपायुक्त हेमंत सती ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि वे इस अधिनियम के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करें, ताकि समाज में लैंगिक असमानता को कम किया जा सके।

जिला स्थापना एवं अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न, 14 मामलों पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 14 अनुकंपा मामलों पर चर्चा की गई।

अनुकंपा मामलों की गहन जांच- उपायुक्त ने समिति के समक्ष प्रस्तुत सभी आवेदनों की एक-एक कर जांच की। इसमें आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन समीक्षा की गई। जिन आवेदकों के दस्तावेज सही पाए गए, उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए स्वीकृति दी गई। वहीं, जिन आवेदनों में दस्तावेज अधूरे थे, उन्हें अगले बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

स्थापना समिति बैठक में लिपिक संवर्ग के स्थानांतरण पर निर्णय- स्थापना समिति की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों के पदस्थापन और स्थानांतरण के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने नियमानुसार शीघ्र पदस्थापन, स्थानांतरण और प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

घरेलू विवाद में चाकू से हमला महिला घायल अस्पताल में भर्ती

राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज- जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली निवासी महिला के साथ घरेलू विवाद में चाकू से हमला हो गया चाकू लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला के परिजनों ने इलाज के लिए फौरन सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली निवासी महिला चांदनी उरांव को बुधवार को उसकी ही गोतनी ने आपसी पारिवारिक विवाद में गुस्से में आकर चाकू से शरीर पर कई जगह मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसके बाद परिजन उसे आनन -फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां मौजूद चिकित्सक ने फौरन इलाज किया. हालांकि इस मामले को लेकर परिजनों का कहना है कि वे लोग इस मारपीट की घटना को लेकर कोई केस नहीं करेंगे फिलहाल महिला का इलाज डॉक्टर के देखरेख में सदर अस्पताल में जारी है |

कलशयात्रा के साथ श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : नगर के सेक्टर- बी स्थित स्ट्रीट 14 एवं 15 की कॉलोनी में श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभा यात्रा में मोहल्ले के 251 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। इसके पूर्व महिलाएं व बालिकाएं पीला वस्त्र धारण कर आम पल्लवयुक्त कलश लेकर गाजेबाजे के साथ हर हर महादेव, जय शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए सेक्टर 9 बी कॉलोनी बी रोड होते हुए नवनाथ मंदिर पहुंचीं। वहां विधिवत रूप से देवी देवताओं का आह्वान कर आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय व पांच पुरोहितों द्वारा संकल्प पाठ, पूजन व गंगा आरती के साथ संपन्न कराया। उसके बाद नवनाथ मंदिर से कलश में जल भरकर कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर जल भरा कलश रखकर गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। वहीं, कलश शोभा यात्रा में आसपास के इलाके से सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह कलश शोभायात्रा सेक्टर 9 डी कॉलोनी अवस्थित शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर 9ए रोड , फूल दुकान मोड़, बी रोड मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट 14/15 पहुंची। इसके साथ ही शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को मंडप पूजन व नगर भ्रमण कर शिव मंदिर में महादेव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा व हवन का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग काशी वाराणसी से मंगाया गया है। मौके पर रविशंकर अध्यक्ष बजरंग सेवा परिषद व यजमान आशीष कुमार व सुमन देवी, योगेंद्र कुमार, एनके सिंह, बीपी सिंह, एसएन सिंह, एच के सिंह, डीपी चौधरी, गौरांग, विक्की सिंह, राम कुमार, संजय, मिथिलेश, सुनील महतो, सत्यम, कुलदीप कुमार महतो, राम नरेश प्रसाद, जयंत दत्ता, विजय, हरिराम कुमार, शिव कुमार, विकास राजहंस आदि मौजूद रहे।

झामुमो की बैठक में मधुकरपुर पंचायत कमिटी का हुआ गठन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : झारखंड मुक्ति मोर्चा मधुकरपुर पंचायत समिति के गठन लेकर बुधवार को धुमधुमी टांड़ में बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता मिथिलेश कुमार तिवारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, प्रखंड संयोजक मंडली के सदस्य आदरणीय सुभाष चंद्र ठाकुर, पंचायत संयोजक मंडली के सदस्य धनंजय स्वर्णकार एवं रमेश वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान झामुमो मधुकरपुर पंचायत कमिटी का गठन किया गया, जिसमें मिथिलेश तिवारी को अध्यक्ष, मिहीर करमाली को सचिव, प्रकाश हजाम को कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र महतो एवं धर्मनाथ महतो को उपाध्यक्ष, उमाशंकर महतो को संगठन सचिव, विक्रम कुमार माहतो को मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर सदस्य सह प्रवक्ता मनोज ठाकुर, अरविंद कुमार महतो, शंकर महतो, परशुराम महतो अखिलेश महतो, जलेश्वर महतो, ब्रजेश झा, अजय महतो, रशीद अंसारी, प्रकाश नायक, गौतम स्वर्णकार, विनोद महतो, मिनहाज अंसारी, वासुदेव रविदास, रामप्रसाद नायक, जानकी मुंडा, विजेंद्र महतो, सुंदरलाल सिंह, लालचंद महतो, अभी महतो, जगेश्वर मुंडा, गोपाल महतो, राजकुमार नायक, रीता देवी, गीता देवी, चंचला देवी, आशा देवी, भूतनाथ महतो, ठाकुर नायक व अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

चंद्रपुरा में जल्द बनेंगे आठ-आठ सौ मेगावाट के दो सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट : एचओपी

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा चंद्रपुरा में आठ-आठ सौ मेगावाट यानी कुल 1600 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट जल्द स्थापित किया जाएगा। शीघ्र ही इसका निर्माण-कार्य शुरू होगा। बुधवार को डीवीसी सीटीपीएस के परियोजना प्रधान सह वरिष्ठ महाप्रबंधक विजया नन्द शर्मा ने कहा कि यहां दो सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप से दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस इकाई की स्थापना और संचालन में प्रबंधन का कंट्रोल दामोदर घाटी निगम का रहेगा। उन्होंने कहा कि इन नई इकाइयों को स्थापित करने में करीब 16500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह यूनिट अल्ट्रा मॉडर्न होगी। इसकी एफिशिएंसी पुराने प्लाट के अपेक्षा अधिक होगी। पर्यावरण के सभी मानक का अनुपालन किया जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी स्टेट ऑफ द आर्ट होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि इस इकाई के स्थापना से इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस क्षेत्र के सभी समाज के लोग इन इकाइयों को स्थापित करने में उचित माहौल बनाए रखें, ताकि क्षेत्र का विकास में कोई बाधा ना आए। इस क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिए इस क्षेत्र के लोगों की सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है।

ज्ञानार्जन का प्रयास सतत रखें जारी : ईडी राजश्री

» बीएसएल में ईएसजी क्विज आयोजित, कर्मियों ने दिखाई प्रतिभा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को ईएसजी क्विज 2024-25 का आयोजन किया गया। इसका परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने अन्य वरीय अधिशासियों के साथ किया। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से अनाधिशासी कर्मियों के 42 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को इस तरह के ज्ञानार्जन के कार्यक्रम में जीत के जज्बे के साथ शामिल होने लिए के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ईएसजी क्विज-2024-25 कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

क्विज कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा के साथ अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने क्विज मास्टर के रूप में अहम योगदान दिया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजेता के रूप में प्रोजेक्ट डिवीज़न से शालिनी प्रसाद तथा भवानी हांसदा की टीम को प्रथम, आर सी एल विभाग के सुरेश सोरेन तथा एनके पंडित की टीम को द्वितीय तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकॉम विभाग के बी. सोरेन एवं प्रियंका शर्मा की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ईएसजी क्विज-2024-25 के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, संजीव कुमार सिंह, अभय झा, सिद्धोचरण मुर्मू तथा रविदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गिरिडीह सांसद के निर्देश पर बोकारो थर्मल में टेक्नो कंपनी का गेट जाम आंदोलन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चैधरी के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि दीपक कुमार महतो एवं जितेंद्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को आजसू के लोगों ने बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट में एफजीडी का काम करनेवाली कंपनी टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग के अधिकारियों, कामगारों को पावर प्लांट स्थित एफजीडी के कार्यस्थल पर जाने से रोक दिया गया.एफजीडी का कार्य पूरा हो जाने के बाद कंपनी के द्वारा ओएंडएम के तहत तीन वर्ष का कार्य एएमसी के द्वारा किया जाना है.कार्य को लेकर कंपनी ने बिना निविदा करवाये केआर कंस्ट्रक्शन कंपनी को एएमसी का कार्य दे रखा है जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर काफी नाराजगी है.आरोप है कि कंपनी के द्वारा मनमाने तरीके से एएमसी में लोगों को रखा जा रहा है.मामले की जानकारी को लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चैधरी ने मंगलवार की रात्रि कंपनी के कोलकाता स्थित मैकनिकल प्रोजेक्ट हेड सव्यसाची चैधरी से बात करने का प्रयास किया तो श्री चैधरी ने सांसद से बात करने से इंकार कर दिया था.बाद में सांसद ने कंपनी के हेड रमेश अग्रवाल से बात करके पूरे मामले की जानकारी दी और कहा कि जब तक मैकनिकल हेड बात करने खुद नहीं आ जाते हैं तब तक उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा कंपनी का कार्य बंद रखा जाएगा.बुधवार को अहले सुबह से ही दोनों सांसद प्रतिनिधि के द्वारा पावर प्लांट का मेन गेट कंपनी के अधिकारियों एवं कामगारों के लिए बंद कर दिया गया और किसी को भी कार्य पर जाने नहीं दिया गया.सांसद प्रतिनिधि का कहना था कि कंपनी ने बिना निविदा करवाये एएमसी का ठीका केआर कंपनी को दे रखा है और कंपनी मनमाने तरीके से एएमसी के कार्य में लोगों को रखने का कार्य कर रहा है.कंपनी के द्वारा स्थानीय एवं विस्थापितों की उपेक्षा की जा रही है जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.मामले को लेकर डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया से पूछा गया तो उनका कहना था कि डीवीसी ने उक्त कार्य तीन वर्ष के लिए टेक्नो कंपनी को दे सबलेट कर दिया है.कंपनी को राज्य सरकार के 75 फीसदी नियोजन नीति का पालन करने का निर्देश दिया गया है.कहा कि जो बेरोजगार स्थानीय नियोजन कार्यालय में निबंधित हैं उनका नाम नियोजनालय के द्वारा कंपनी में नियोजन के लिए भेजे जाने पर ही रखा जाएगा.आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहेगा.आंदोलन को सफल बनाने में दिलीप यादव, नरेश यादव, अरविंद, सूरज, अनूप सिंह, सुनील सिंह, मोनू यादव, छोटेलाल यादव, कार्तिक सिंह, विक्की सिंह, बादल सिंह, गोविंद यादव, कमलदेव यादव, विकास यादव, सोमिल कुमार सहित कई लोग थे.

सरयू राय ने कूलिंग पौंड में प्रदूषण का लिया जायजा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : जमशेदपुर पूर्वी के विधायक झारखंड विधानसभा के प्रत्यययुक्त कमेटी के सभापति तथा दामोदर बचाओ आंदोलन के संरक्षक सरयू राय ने बुधवार को बोकारो दौरे के क्रम में कूलिंग पौंड का जायजा लिया। उन्होंने बोकारो स्टील तथा दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा ज्वाइंट वेंचर में स्थापित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड बीसीसीएल की ओर से ऐश पॉन्ड के पानी को कूलिंग पौंड में बहाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए खुद इसका भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही, इस पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) नियमों का उल्लंघन करार दिया। इसे लेकर उन्होंने आगे अपने स्तर से इस दिशा में यथोचित कदम उठाने की भी बात कही।

ग्रामीणों की सुविधा के लिए हर गांव व टोले तक बनेगी पक्की सड़क : बबीता

डुमरकुदर में सवा एक किमी पक्की सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत के ग्राम डुमरकुदर स्थित दुखन महतो के घर से लेकर ठड़घटिया तक सवा एक किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्म पत्नी सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी एवं प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने किया। उक्त पथ निर्माण कार्य एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो से संबंधित है। पथ निर्माण सवा एक किलोमीटर बनेगी, जिसकी कुल लागत एक करोड़ 38 लाख 51 हजार रुपये है। भूमिपूजन समारोह के मौके पर पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि उक्त पथ निर्माण की मांग कई साल पहले ग्रामीणों ने की थी। उक्त पथ बन जाने से जहां एक ओर डुमरकुदर से ठड़घटिया तक आने जाने में सुविधा होगी, क्योंकि आजादी के बाद से अभी तक उक्त टोले तक जाने की पक्की सड़क आज तक नहीं बनी थी। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में सड़कें महत्वपूर्ण रोल अदा करती है, इसलिए सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मौके पर संवेदक धीरेंद्र महतो, रमाकांत महतो, कुलदीप करमाली, संजय महतो, मिथिलेश जायसवाल, आनंद महतो, दुखन महतो, मंगरु महतो, देवशरण महतो, जितेंद्र किस्कू, राजेश टुडू, विशुन लाल मरांडी, अजय महतो, प्रकाश महतो, सुनील महतो, कामेश्वर महतो, उर्मिला देवी, बबिता देवी, रेणुका देवी, अर्जुन महतो, सुभाष महतो समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बोकारो थर्मल में 1976 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने स्कूल में एचओपी और प्राचार्य का स्वागत कर पुराने दिनों को याद किया

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी उच्च विद्यालय के 1976 बैच के विद्यार्थियों द्वारा तीन दिवसीय एलुमनी मीट के तहत बुधवार को उच्च विद्यालय का दौरा किया.सभी ने स्कूल की कक्षओं में अन्य विद्यार्थियों के साथ बेंचों पर बैठकर अपने अतीत को ताजा कर काफी हर्षित दिखे.बाद में सभी ने स्कूल के हॉल में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया एवं प्राचार्य धनंजय कुमार को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया.पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने स्कूल की वर्तमान में दुर्दशा पर खेद प्रकट करते हुए एचओपी से इसमें सुधार करने की मार्मिक अपील करते हुए कहा कि पूर्व में गिरिडीह जिला के तहत डीवीसी का उक्त उच्च विद्यालय पूरे जिला में अव्वल स्कूल में गिना जाता था और स्कूल के पासआउट विद्यार्थियों अपनी शिक्षा एवं काबिलियत के बल पर देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों में अपनी सेवा की बदौलत नाम रोशन कर रखा है.पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचओपी ने कहा कि स्कूल का हाल पूर्व की तुलना में काफी बेहाल हो गया है.उनका प्रयास होगा कि आनेवाले समय में वे इसमें बदलाव करेंगे और आगे बदलाव भी दिखेगा.कहा कि 49 वर्ष बाद भी एक साथ सभी पूर्ववर्ती छात्र इस प्रकार के मिलन समारोह का आयोजन करतें हैं.कहा कि वाकई स्कूल का पुराना समय काफी गोल्डन रहा होगा.प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्कूल आने के बाद सभी प्रकार की यादें ताजा हो जाती हैं और मनुष्य अपने पुराने स्कूल के काल में पहुंच जाता है.कार्यक्रम में चेन्नई से आये एस चिदम्बरम ने गीत गीत गाकर तथा स्कूल के शिक्षक विमलेश दत्त मिश्रा ने सभी के स्वागत में गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया.संचालन पूर्ववर्ती छात्र अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं रंजनी ने किया.स्कूल की छात्राओं ने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के लिए स्वागत गीत गाया.मौके पर मुख्य रुप से मो शाहजहां, ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव, प्रदीप प्रसाद, विनोद भाटिया, विजय नैयर, रणविजय सिंह, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कृष्णन, मो शमीम, गौतम विश्वास, मधुमिता, शांति लकड़ा, रंजनी, सुजाता, अबूल, एस चिदंरबम, मो मनीरुद्दीन, मदन मोहन सिंह, आलोक, देबोज्योति, दीपांकर, कृष्णा भंडारी, राधा, अमर, पी रामा राव, आलोक नुपूर आदि मौजूद थे.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

गिरिडीहः सड़क हादसे में बैंक प्रबंधक समेत छह की मौत

एजेंसीः गिरिडीह। गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैंक मेनेजर केनरा बैंक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है।बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है।

गिरिडीह में नक्सलियों की साजिश नाकाम, सुरक्षा बलों ने बरामद किया भारी विस्फोटक

एजेंसीः गिरिडीह । गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154 बटालियन ने नक्सलियों की एक बड़ी विध्वंसक योजना को समय रहते विफल कर दिया। बुधवार को खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए।गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स बरामद किया गया। इसकी पुष्टि सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने की । अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी में देखा गया है। इस आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे। टीम ने जांच शुरू कर पूरे जंगल की तलाशी ली कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नक्सली भाग निकले, लेकिन टीम ने उनके द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद कर लिए। एएसपी ऑपरेशन सुरजीत ने बताया कि टीम अभी भी इलाके में छापेमारी कर रही है।

शंख व डमरू की ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

एजेंसी : चतरा। चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को उद्घाटन किया गया। महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ किया गया। महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। वहीं चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

गांवों की समस्याओं का समाधान करना मेरा दायित्व : विधायक सुदीप

एजेंसीः खूंटी । तोरपा के विधायक सुदीप गुडिया ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना न सिर्फ उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि प्राथमिकता भी है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी उनसे मिल सकते हैं। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या की जानकारी ले रहे थे। पंचायत के फटका खास, तरगिया, फंडिंगा, संकत्योर, सिंडी आदि के ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से सम्बंधित आवेदन भी विधायक को सौंपा। विधायक ने उन समस्याओं को एक-एक करके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, रोजगार के साधन आदि उपलब्ध कराकर तोरपा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना है। विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र कृषि बहुल क्षेत्र है। अतः कृषि के क्षेत्र में हमें बेहतर काम करना है। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। विधायक ने शिक्षा पर जोर देते हुए लोगों से कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। बच्चों को शिक्षा देने में कोताही न बरतें।

चुट्टूपालू घाटी में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की हुई मरम्मत

एजेंसीः रामगढ़। रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के कई ब्लैक स्पॉट पर सड़क का विस्तार किया जा रहा है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के निर्देश के बाद अधिकारियों ने चुट्टूपालू घाटी को रोशन कर दिया है। यहां लगाए गए सभी स्ट्रीट लाइट को मरम्मत कर ठीक कर दिया गया है। अब घाटी में पर्याप्त रोशनी हो गई है। इस रोशनी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है। रामगढ़ चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचों-बीच लगी स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था। इस मामले को गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाया गया और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई गई। नतीजा है कि 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारू कर दिया गया है। इसके अलावा मुख्य एक्सीडेंटल जोन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है। साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहे हैं।

पलामूः कस्तूरबा विद्यालय की एकाउंटेंट ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसीः पलामू

, 19 फरवरी (हि.स.)। पलामू जिले के पाटन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी (28) बुधवार को अपने क्वार्टर में फांसी के फंदे से झूलती मिलीं। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वार्डन कृष्णा कुमारी ने एमआरएमसीएच में बुधवार को बताया कि मैं जब क्लास लेकर ऑफिस में गई तो गार्ड विनोद फोन लेकर के आया और कहा कि एकाउंटेंट मैडम के हस्बैंड का बार-बार कॉल आ रहा है बात करने को लेकर। विद्यालय में मैडम नहीं मिली। क्वार्टर की तरफ गए तो वहां देखा कि अंदर से गेट बंद है। बार-बार धक्का देने के बाद भी गेट नहीं खुला। गांव के ही मिस्त्री साधु राम को बुलाया। खिड़की के ग्रिल के रॉड को काटा गया एवं अंदर रूम में गए तो देखा किया प्रियंका दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी हुई थी। पाटन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद दुपट्टे को चाकू से काटकर प्रियंका को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। वार्डन ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को एकाउंटेंट प्रियंका ने विद्यालय में अपना योगदान दिया था। स्टार्टिंग में स्कूल के क्वार्टर में ही रहा करती थी। उसके बाद डालटनगंज से ही आना जाना करती थी। लंबे समय से कस्तूरबा में एकाउंटेंट थी एवं चैनपुर से पाटन स्थानान्तरण के बाद आई थी। बुधवार को लगभग 11 बजे के बाद स्कूल आई थी और 12.15 में फांसी लगाने की जानकारी मिली। दरवाजे को खोलने में 1 घंटे लगा। मिस्त्री साधु राम ने बताया कि जब वह खिड़की से अंदर गया तब मोबाइल चालू था। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है। अंतिम बार किससे बात हुई, यह पता लगाया जा रहा है। प्रियंका की शादी पांच साल पहले कंचन कुमार रजक से हुई थी। कंचन रोगजार सेवक है। घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के वक्त वह रांची में थे। वहां से पलामू के लिए निकल गए हैं। प्रियंका का ससुराल छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा गांव में है। वह तीन साल की एक बेटी की मां थी। वह मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहती थी।

तीन चोर गिरफ्तार, जंगल से 22 मोटरसाइकिल बरामद

एजेंसी : कोडरमा

जिले की मरकच्चो पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर डोमचांच थाना क्षेत्र के कुसाहन जंगल से एक झोपड़ी नुमा घर से चोरी की गई 22 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी रोहित कुमार स्वर्णकार, बगरीडीह निवासी मौला अंसारी तथा नावाडीह निवासी प्रकाश मेहता हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मरकच्चो थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त मिली थी कि कुछ वाहन चोर जिला में भ्रमणशील हैं। इसके बाद गिरफ्तारी के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दो बाइक सवार लोगों को मरकच्चो थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान पकड़ा और उनकी मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पुछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि ये मोटरसाइकिल चोरी की है एवं ये दोनों मोटरसाइकिल चोरी का काम करते हैं। इनके साथ एक और साथी है जिसका नाम प्रकाश मेहता है जो बाइक का देखरेख करने का काम करता है। इसके बाद छापामारी करते हुए कुसाहन गांव के जंगल से 22 मोटरसाइकिल बरामद की और इस घटना में शामिल प्रकाश मेहता को भी गिरफ्तार कर लिया।

सड़क सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की बैठक

एजेंसीः खूंटी

अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। एसडीओ बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

एजेंसीः चतरा

चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को राज्य के पर्यटन, कला व संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, झारखंड दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी समेत अन्य शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इटखोरी तीन धर्मों की संगम स्थली है। माता भद्रकाली की प्रसिद्धि दूर दूर तक है। आने वाले साल में सरकार राजकीय महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। यह राज्य का सबसे बड़ा महोत्सव बनेगा। तीनों धर्मों के राज गुरूओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

अफीम की खेती के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश

एजेंसीः खूंटी

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में एनकॉर्ड (नार्को कॉ आर्डिनेशन सेंटर) की बैठक हुई। बैठक में मादक पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग और एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआइआर और अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की वन प्रमंडल पदाधिकारी ने समीक्षा की। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम की खेती को नष्ट करने का निर्देश दिया। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त ट्रैक्टर, पुलिस के जवान, चौकीदार और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी और कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने को लेकर सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे लोगों को जागरूक करें। साथ ही 27 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आमजनों से वैकल्पिक खेती के लिए सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम विनष्टीकरण को लेकर छापामारी अभियान चलाया जाए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, डीएसपी, सिविल सर्जन, एनकॉर्ड के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

मुरहू में निकाली गई बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली

एजेंसीः खूंटी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई खूंटी के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ द्वारा बुधवार को अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान 2.0 के तहत बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गोडाटोली पंचायत भवन से मुरहू प्रखंड तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों को चिह्नित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना और पुनर्वास के माध्यम से उनके भविष्य को संवारना था। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर भी बल दिया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने 'बाल श्रम मुक्त भारत', 'हर बच्चा स्कूल जाए' एवं 'बचपन को न छीने, उन्हें पढ़ने दें' जैसे नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ बाल श्रम में संलग्न बच्चों की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके पुनर्वास और शिक्षा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से अनुरोध किया कि वे बच्चों को श्रम स्थल की बजाय विद्यालय भेजने में सहयोग करें।

दलहन एवं तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा पलामू : राधाकृष्ण किशोर

एजेंसीः पलामू

जिला मुख्यालय डालटनगंज शिवाजी मैदान में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित इस किसान मेले का उदघाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेता तिर्की एवं वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में 40 स्टॉल लगाये गये, जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में 16 किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषियंत्रों का अवलोकन किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू जिले में दलहन एवं तेलहन फसल को बड़े पैमाने पर बढावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। किसान कोल्ड स्टोरेज के अभाव में तिलहन फसल को स्टोर करके नहीं रख पाते। स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट काम करने पर पलामू तिलहन के लिए जाना जायेगा। इसके लिए उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मांगा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य किसानों को राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अवगत कराना है। पलामू में यह तीसरा आयोजन है। किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सब आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फ्रूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू प्रमंडल की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। नेशनल हाइवे और पुल-पुलिया के निर्माण से आधारभूत संरचना विकसित की जा सकती है, लेकिन जबतक हम सतही जल को नहीं बचायेंगे, भूगर्भीय जलस्तर नहीं बना रहेगा। किसानों के चेहरे पर खुशियां लाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार तेजी से वर्षा जल को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू में पड़े सुखाड़ और आकाल को देखने के लिए आज तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी से प्रधानमंत्री बने इंदिरा गांधी एवं पीवी नरसिंहा राव ही यहां आए थे। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के.एन त्रिपाठी एवं जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, माननीय विधायक के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि विभाग से जुड़े पदाधिकारी एवं तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग व चारधाम की यात्रा पर निकला युवक

गिरिडीह, एजेंसी। लखनऊ का युवक सूरज सोनी साइकिल से चारधाम, वैष्णो देवी, 12 ज्योतिर्लिंग व अमरनाथ की यात्रा कर रहा है। इसी दौरान वह मंगलवार को गावां बाइपास रोड में ठहरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने उसे आर्थिक सहयोग किया। सूरज सोनी ने बताया कि लखनऊ से उसने अपनी यात्रा शुरू की थी, जो लगातार जारी है। वह 25 हजार किमी यात्रा साइकल से कर चारधाम पहुंचेगा। जिन शहरों से भी वह गुजर रहा है, वहां के लोग फूल-माला पहनाकर उसका सम्मान कर रहे हैं। सूरज सोनी ने बताया कि लखनऊ से सबसे पहले वह बुलेश्वर पहुंचा। जहां मन मे आया कि पहले प्रयागराज चलते हैं। प्रयागराज में संगम पर स्नान के बाद बनारस होते हुए वह देवघर जा रहा है। बुधवार को देवघर में बाबा को जल चढ़ाकर वह आगे की यात्रा पर निकलेगा। यात्रा के दौरान वह सांवरिया सेठ, खाटू श्याम समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर भी जाएगा।

कैलाश हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

धनबाद, एजेंसी। धनबाद के बरटांड़ हाउसिंग कॉलोनी स्थित कैलाश हॉस्पिटल में मंगलवार को 68 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि इलाज में डॉक्टर की लापरवाही के कारण बुजुर्ग महिला की जान चली गई। डॉक्टर ने मरीज को एनेस्थिसिया का ओवर डोज दे दिया। मृतका गंगोत्री देवी बरवाअड्डा के छोटा पिछड़ी की रहनेवाली थी। गंगोत्री देवी के कंधे की हड्डी टूटने के बाद परिजनों ने शहर के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कैलाश प्रसाद के निजी कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। मरीज की मौत की सूचना मिलते ही जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य व सांसद प्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे। धनबाद व सरायढेला थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। खबर लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन, मृतका के परिजन और स्थानीय नेताओं के बीच वार्ता जारी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिला प्रशासन की टीम पहुंची कचहरी रोड, दुकानदारों ने हटाईं दुकानें

रांची, एजेंसी। झारखंड बार एसोसिएशन के समीप अवैध रूप से लंबे समय से सैकड़ों फुटपाथ दुकान लगे थे। इसे मंगलवार को जिला प्रशासन ने हटा दिया। इसके कारण कचहरी रोड पूरी तरह से जाम मुक्त हो गया। जिला प्रशासन ने कचहरी रोड पर दो टैक्टर और टर्बो को फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों का सामान जब्त करने के लिए बुलाया गया। वाहन देखते ही सभी फुटपाथ दुकानदारों ने प्लास्टिक के छप्पर, ठेला, खोमचा, कम्प्यूटर समेत अन्य समान को गली मुहल्लों में लेकर छिपा दिया। सामान को दुकानदारों ने रजिस्टर ऑफिस के परिसर व रोड में पड़ने वाली गली में रख दिया, ताकि जिला प्रशासन लगाई गई दुकान को उठाकर नहीं ले जाए। दुकानों के नहीं रहने से कचहरी में थोड़ा सा सनाटा पसरा रहा। क्योंकि अवैध कब्जाकर फुटपाथ रोड पर लगाई दुकानें नहीं लगाए गए। जहां पर दुकान लगाई गई थी, वहां आराम से राहगीर पैदल जा रहे थे। साढे तीन बजे नगर निगम के सभी वाहन चले गये तो सबसे पहले विभिन्न प्रकार का फार्म बेचने वाले व नोट अदला बदली की दुकान सजाई गई।

बिरसा मुंडा फन पार्क में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन

रांची, एजेंसी। जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवर्सिटी और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन और ध्यान समेत कई आसन किये और गहराई से समझा। मौके पर विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और तनाव रहित रहने का भी संकल्प लिया। उल्लेरखनीय है कि आधुनिक समय में हमलोग अपने खानपान को संतुलित रखकर और व्यायाम तथा योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ और रोगमुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय रांची के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

शुरू हुआ सरकारी नौकरियों का सिलसिला

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 289 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

रांची, एजेंसी। राज्य सरकार के विभागों में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्तियों का सिलसिला एक बार फिर चल पड़ा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशानिर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। मंगलवार को इसी क्रम में नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग के तहत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। संकल्प लें कि व्यवस्था के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र के विकास में शहरों के संसाधनों को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते है। इसी कड़ी में युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आज झारखंड झारखंड के विकास में सभी जनकल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्जवल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में हमलोग काम कर रहे हैं। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आखों में सुनहरी चमक लेकर अभ्यर्थी उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा है। बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे हैं। शहरों के संसाधन को हम मजबूत कर रहे हैं।उन्होंने कहा, हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। हेमंत सरकार ने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि नगर के विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य की एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती है। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में संसाधन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है।

सीएस ने कहा कि पहले झारखंड में टाउन प्लानर की भी नियुक्ति होती थी, लेकिन पहली बार सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें गार्डेन अधीक्षक के नौ, वेटनरी ऑफिसर के आठ, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 12, सेनेटरी सुपरवाइजर के 42, राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ शुरू हुआ बड़ा अभियान, चार आरोपी गिरफ्तार

पलामू, एजेंसी। जिले में अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत चार लोगों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन चारों पर अफीम की खेती करने का आरोप है। पलामू पुलिस लगातार अफीम की खेती को नष्ट कर रही है। साथ ही खेती करने वालों के खिलाफ अभियान भी चल रही है।

इसी क्रम में खेती करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और जेल भेजा दिया गया है। वैसे लोग जिन पर अफीम की खेती करने का आरोप है उनकी गिरफ्तारी के लिए पलामू पुलिस ने बड़ा अभियान शुरू किया है। नौडीहा बाजार थाना की पुलिस ने छतरपुर थाना क्षेत्र के धोबीडीह निवासी लवलेश यादव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाखी थाना की पुलिस ने मुकेश यादव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुकेश यादव पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ का रहने वाला है। मनातू थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोविंद यादव और इंदर यादव को गिरफ्तार किया है। इंदर यादव तरहसी थाना क्षेत्र के ताल जबकि गोविंद यादव मनातू थाना क्षेत्र के बड़की नागद का का रहने वाला है।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के क्रम में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खेती करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही पुलिस लगातार लोगों से अफीम की खेती के बजाय अन्य फसलें उगाने की अपील कर रही है।

छत्तीसगढ़ से लातेहार आ रही बाराती बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 से अधिक यात्री घायल

लातेहार, एजेंसी। जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ओरसा घाटी में छत्तीसगढ़ से आ रही एक बारात से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में लगभग 12 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। सभी का प्राथमिक इलाज महुआडांड़ अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अवनीश कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की।

दरअसल, छत्तीसगढ़ के चादों गांव से बस में सवार होकर बाराती महुआडांड़ के गोठगांव की ओर आ रही थी। इसी बीच ओरसा घाटी के पास अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया। इससे अनियंत्रित होकर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दीनानाथ नगेसिया, अर्जुन नगेसिया, शुभराज चरवा, राम स्वार्थ नगेसिया, लालसाय प्रजापति, जसवाल प्रजापति, अर्जुन नगेसिया, सूरजमानी देवी, लीलावती देवी, परमेश्वरी देवी, ढलवा देवी समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में

पुलिस की टीम एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया। चिकित्सकों ने बताया कि घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

बड़ी घटना टली

इधर स्थानीय लोगों को कहना है कि जिस प्रकार से दुर्घटना हुई थी, उससे बड़ी घटना हो सकती थी। गनीमत रही कि गाड़ी खाई में नहीं गिरी। अगर बस खाई में गिर जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। सभी की स्थिति को चिकित्सकों ने खतरे से बाहर बताया है।

पुलिस वर्दी के साथ रंगबिरंगे कपड़े पहनने पर लगा बैन, उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

रांची, एजेंसी। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अफसरों और कर्मियों के ड्रेस कोड को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि झारखंड में कोई भी पुलिस अफसर और कर्मी वर्दी के साथ रंग बिरंगे स्वेटर या जैकेट न पहनें, बल्कि वर्दी के साथ पुलिस सिर्फ और सिर्फ निर्धारित खाखी रंग का ऊनी स्वेटर और जैकेट ही पहनें।

क्या है नया आदेश : झारखंड में पुलिस अफसर और कर्मी अब अपने वर्दी के साथ रंग बिरंगे जैकेट या स्वेटर नहीं पहन पाएंगे। झारखंड के डीजीपी के द्वारा यह बताया गया है कि पुलिस पदाधिकारी और कर्मी सर्दी के मौसम में वर्दी के साथ रंग बिरंगे स्वेटर या जैकेट के बजाय सिर्फ निर्धारित खाकी रंग का ऊनी स्वेटर, जैकेट पहनेंगे।

इसके साथ ही जैकेट के ऊपर उनके पद के अनुरूप बैच भी लगा होना चाहिए। डीजीपी ने आदेश दिया है कि सभी जिलों के एसपी, ईकाईयों के एसपी, समादेष्टा, ईकाईयों के प्रधान निर्धारित परिधान का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश डीजीपी ने दिया है।

सोशल मीडिया पर रंगबिरंगे कपड़े पहने दिख रहे है पुलिसवाले : डीजीपी के आदेश में यह भी जिक्र है कि झारखंड के भ्रमण के दौरान और सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में देखा गया है कि पुलिसकर्मी वर्दी के साथ अलग-अलग रंग के स्वेटर, जैकेट और जूते पहन रहे हैं जो पूर्णतः अनुचित है। डीजीपी ने आदेश में लिखा है कि राज्य सरकार के द्वारा पुलिस कर्मियों को वार्षिक वर्दी भत्ता दिया जा रहा है। इसके बावजूद पुलिसकर्मी निर्धारित परिधान का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

वर्दी पर नेम प्लेट होना जरूरी : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड पुलिस ड्रेस कोड को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। पुलिसकर्मियों को वर्दी के साथ सिर्फ खाकी रंग के ड्रेस पहनने हैं। वहीं, ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनना और उसमें अपना नेम प्लेट लगाना भी अनिवार्य है। खासकर पब्लिक डीलिंग के समय।आम लोगों को यह जानना जरूरी है कि जो व्यक्ति उनके पास आया है वह पुलिस के किस इकाई से है और उसका नाम क्या है। बता दें कि इससे पूर्व पुलिस अफसरों और कर्मियों के लिए वर्दी पर नेम प्लेट लगाना भी डीजीपी के द्वारा अनिवार्य किया गया है।

प्रदेश के सभी जिलों में होनी चाहिए कैंसर जांच और स्क्रीनिंग

टाटा ट्रस्ट के सीईओ का सुझाव, सीएम को अवगत कराएंगे वित्त मंत्री

रांची/मुंबई, एजेंसी। झारखंड में कैंसर देखभाल को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को मुंबई में टाटा ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा से मुलाकात की है। इस बैठक में राज्य में कैंसर उपचार की स्थिति, सस्ती/बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का विकास और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि ÷हमारा लक्ष्य झारखंड में कैंसर देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। सरकार इस दिशा में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा स्थापित करने पर कार्य कर सकती है। इससे पीईटी सीटी सेंटरों को जरूरी आपूर्ति मिलेगी और कैंसर निदान की लागत कम होगी।÷

राज्य में कैंसर जांच और

स्क्रीनिंग पर जोर

सिद्धार्थ शर्मा ने भी झारखंड में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए सीजीएचएस दरों में 10 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक हो सकती है। उन्होंने कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शुरुआती जांच और स्क्रीनिंग के महत्व पर जोर दिया। इस दिशा में टाटा ट्रस्ट पहले से ही सरायकेला, रांची और खूंटी में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने वित्त मंत्री से कहा कि झारखंड के सभी 24 जिलों में कैंसर जांच और स्क्रीनिंग होनी चाहिए।

निजी कंपनियों को भी आना चाहिए आगे

टाटा ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा ने ये भी कहा कि पूरे देश में कैंसर एक बड़ी समस्या है। झारखंड में राज्य सरकार और प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर कैंसर उपचार में टाटा ट्रस्ट अपना सहयोग देना चाहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि झारखंड के हर जिले में इस पहल का विस्तार करने के लिए निजी कंपनियों को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आगे आना चाहिए। साथ ही उन्होंने झारखंड में कैंसर रोगियों के लिए पोषण संबंधी कार्यक्रम चलाने की संभावना पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि टाटा ट्रस्ट महाराष्ट्र में पहले से ही ऐसा कर रहा है।

सीएम और स्वास्थ्य मंत्री को सुझावों से अवगत कराएंगे

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वे सुझावों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को अवगत कराएंगे। बैठक के सकारात्मक परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस दिशा में टाटा ट्रस्ट जैसे अनुभवी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीओ समेत तीन पर 65-65 हजार का जुर्माना, म्यूटेशन लंबित रखने पर पलामू डीसी ने की कार्रवाई

पलामू, एजेंसी। दाखिल खारिज के मामले को लंबित रखने पर पलामू डीसी शशिरंजन ने बड़ी कार्रवाई की है। दाखिल खारिज के मामले को लंबित रखने पर पलामू डीसी ने अंचल अधिकारी समेत तीन पर 65-65 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि अंचल अधिकारी समेत तीन कर्मियों के वेतन से वसूला जाएगा। यह कार्रवाई पलामू के नीलांबर पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआई महेंद्र राम के खिलाफ हुई है।

अंचल अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक और सीआई पर आरोप है कि दाखिल खारिज के प्राप्त आवेदनों का इन्होंने ससमय निष्पादन नहीं किया है। अंचल क्षेत्र में 62 नामांतरण करने के निर्धारित समय गुजर गया था। सामान्य तौर पर 30 दिनों में दाखिल खारिज के मामलों का नामांतरण किया जाना है। आपत्ति के मामले में 90 दिनों में दाखिल खाने से जुड़े नामांतरण के मामले का निष्पादन करना है।

21 दिसंबर 2024 को पलामू के अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया था। इसी निरीक्षण में उन्होंने दाखिल खारिज से जुड़े मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया था। 8 फरवरी 2025 को हुई बैठक में अपर समाहर्ता ने दाखिल खारिज के मामले को निष्पादन को लेकर चेतावनी भी जारी की थी।

चेतावनी के बावजूद 62 दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन समय पर नहीं किया गया। बाद में पलामू डीसी शशि रंजन ने कार्रवाई करते हुए सभी पर जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि को वेतन से काटकर कोषागार में जमा किया जाएगा। कार्रवाई की जानकारी पलामू सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तरफ से दी गई है।

कैबिनेट बैठक में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर, राज्य कर्मियों को हेमंत सरकार ने दे दी एक और खुशखबरी

रांची, एजेंसी। झारखंड में एमएसएमई श्रेणी के तहत खुलनेवाले नए उद्योगों को लाइसेंस राज से तीन साल तक मुक्ति मिलेगी। इस दौरान उन्हें कारोबार शुरू करने के लिए आवश्यक लाइसेंस लेने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाएगा। ऐसा झारखंड में नए उद्योगों को कारोबार करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है।

कारोबार शुरू करने और काम जम जाने के बाद इनके लिए लाइसेंस की अनिवार्यता होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव - झारखंड एमएसएमई विशेष छूट विधेयक-को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और इसे विधानसभा में पेश कर विधेयक को पास कराया जाएगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उद्योगों के खुलने के लिए आवश्यक ट्रेड लाइसेंस के लिए भी तीन साल तक की छूट मिल रही है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कैबिनेट ने पांचवां और छठा वेतनमान ले रहे राज्य कर्मियों, पेंशन भोगियों और पारिवारिक पेंशन के लाभुकों के लिए महंगाई भत्ता की दरों में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी हे।

छठा वेतनमान ले रहे कर्मियों के लिए महंगाई भत्ता सात प्रतिशत (239 से बढ़कर 246) बढ़ा है तो पांचवां वेतनमान ले रहे कर्मियों के लिए यह 12 प्रतिशत (443 से बढ़कर 455) हो गया है। यह लाभ उन्हें जुलाई 2024 के प्रभाव से मिलेगा।राज्य कैबिनेट ने चुनिंदा सरकारी आइटीआइ में ऑटोमोबाइल निर्माण व्यवसायों में नवीनतम तकनीकी की जानकारी देने के लिए मारुति से करार करने का निर्णय लिया है।एमओयू के प्रारूप पर शीघ्र अनुशंसा प्राप्त करते हुए मारुति से करार को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 को शिथिल करते हुए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से कंपनी के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी गई है।

इस फैसले से आइटीआइ छात्रों को आधुनिक आटोमोबाइल तकनीकी की जानकारी मिलेगी और वे बाजार की मांगों के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे।ईज आफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने के लिए झारखंड कैबिनेट ने कारखाना अधिनियम में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह निर्णय भारत सरकार के औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत किया गया है।इस संशोधन से राज्य में उद्योगों की स्थापना और संचालन सरल होगा, जिससे निवेशकों को अधिक सुविधा मिलेगी और औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा।इसके साथ ही राज्य सरकार ने कारखाना अधिनियम में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी है जिसके तहत रात्रि पाली में काम करने की इच्छुक महिला कामगारों को शाम सात बजे से सुबह के छह बजे तक के शिफ्ट में काम करने की आजादी होगी।

हथियार लेकर नाबालिग का किया पीछा, फिर की छेड़खानी, विरोध करने वाले ग्रामीणों की पिटाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पलामू, एजेंसी। दो बाइक पर सवार शरारती युवक हाथ में हथियार लेकर एक नाबालिग लड़की का पीछा कर रहे थे। लड़की का पीछा करने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध करने पर शरारती युवकों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। बाद में स्थानीय ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि मौके से चार अन्य फरार हो गए।पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पूरे मामले में पुलिस ने पॉक्सो समेत अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। यह घटना पलामू के पांडू थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि घटना में शामिल दो मोटरसाइकिल्स को जब्त कर लिया है और मौके से दो फाइटर भी बरामद किये हैं।पांडु के थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि आरोपी एक नाबालिक लड़की का पीछा कर रहे थे। पूरे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है और चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बाइक सवार हाथ में हथियार लेकर लड़की का पीछा कर रहे थे और छेड़खानी भी कर रहे थे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

मध्यस्थता रचनात्मक समधान

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता भी समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करती है और संबंधों को मजबूत करती है। सीजेआई ने नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दे की नजर से नहीं, बल्कि मानवीय पहलू के रूप में भी देखा जाना चाहिए। भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है। सीजेआई का यह कहना उचित है कि मध्यस्थता रचनात्मक समधान है। ऐसा इसलिए कि इससे प्रतिकूल फैसला आने के बाद भी लोगों के परस्पर संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। संघर्ष को कुशलतापूर्वक खत्म किया जा सकता है। इस विकल्प को अपनाया जाना सामाजिक ताने बाने को बिखरने नहीं देता। ऐसा किया जाता है तो अदालतों में मुकदमों का जो अंबार लगा है, उसमें भी खासी कमी आ सकती है। न्यायिक प्रणाली पर अरसे से लंबित मामलों के बोझ से काफी हद तक निजात मिल सकेगी। फिर, जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए जिसकी तरफ सीजेआई ने भी ध्यान आकर्षित किया है। मध्यस्थता के लिए भारतीय समाज में मुफीद जमीन अनंतकाल से मौजूद रही है। साहित्य और लोक जीवन में मिल-बैठकर मामलों को सुलझाने के दृष्टांत सहज ही खोजे जा सकते हैं। कहना न होगा कि पंच परमेर की धारणा भारतीय जनमानस में गहरे पैठी है। जरूरी है कि इसके प्रति अपने आग्रह को प्रेरित बनाए रखा जाए। इस भावभूमि से विचलन ने हमारी समस्याएं बढ़ाई हैं और हमे न्याय पाने में बेवजह की देरी से दोचार होना पड़ता रहा है। इससे उस सिद्धांत की भी अनदेखी हुई है, जिसमें कहा गया है कि विलंब से मिले नयाय का न्याय न मिलने के तुल्य होता है। आज चुनौतियां से पहले से कहीं विकट हैं। पर्यावरणीय चिंताओं, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़ा एक पूरा परिदृश्य ही हमारे सामने उभर आया है।

वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएँ

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आँख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया। जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया नेपश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं। अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिज़ाइन किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएँ हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं।

गुरुजी के आर्थिक, राजनीतिक और स्वदेशी सिद्धांत- किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है। गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया। उनका मानना था कि वर्ग भेद समाज को विभाजित करते हैं, जो राष्ट्र के लिए हानिकारक है। सोवियत संघ और चीन को व्यापक रूप से मार्क्सवादी-आधारित साम्यवाद के सबसे प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उनके अनुसार, चीन और रूस ने ऐतिहासिक रूप से सत्ता हासिल करने के लिए समाजवाद का इस्तेमाल किया है, जिसके कारण विनाशकारी कदम उठाए गए हैं। दोनों देशों में प्रभुत्व के भूखे अधिकारियों ने राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए ऐतिहासिक रूप से अपने ही नागरिकों को नुकसान पहुंचाया है। चीन और रूस उन्नत और विकसित होने का दावा करते हैं, लेकिन दोनों का लक्ष्य वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना है। गुरुजी इस स्वभाव और व्यवहार को राक्षसी मानते हैं। उपभोक्तावाद हिंदू संस्कृति के लोकाचार के साथ असंगत है। हमारा आदर्श वाक्य "अधिकतम उत्पादन और समान वितरण" होना चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता हमारा तात्कालिक लक्ष्य हो। बेरोजगारी और अल्परोजगार को युद्ध स्तर पर संबोधित किया जाना चाहिए। जबकि औद्योगीकरण आवश्यक है, लेकिन इसे पश्चिम की नासमझ प्रतिकृति होने की आवश्यकता नहीं है। प्रकृति का दोहन किया जाना चाहिए, शोषण नहीं। पारिस्थितिकी कारक, प्राकृतिक संतुलन और भावी पीढ़ियों की जरूरतों पर विचार किया जाना चाहिए। पारिस्थितिकी, अर्थशास्त्र और नैतिकता सभी पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए। प्रत्येक नव स्वतंत्र राष्ट्र के नेतृत्व की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने नागरिकों की मानसिक संरचना में आवश्यक परिवर्तन को प्रभावित करना है। गुरुजी नव स्वतंत्र भारत की मानसिकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। अंग्रेजों ने भारत को न केवल राजनीतिक और आर्थिक रूप से गुलाम बनाया था, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में सांस्कृतिक रूप से भी गुलाम बनाया था। वे अपनी दुर्भावनापूर्ण योजनाओं में काफी हद तक सफल भी हुए थे। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने इस सत्य को समझा और स्वदेशी, गोरक्षा, स्वभाषा, हिंदी आदि पर जोर देकर इस आत्मघाती मानसिकता को खत्म करने का प्रयास किया। डॉक्टर जी का अनुसरण करते हुए गुरुजी ने संघ के माध्यम से लोगों में इन विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहल की। स्वदेशी पर उनका विश्वास सर्वव्यापी था। स्वदेशी की उनकी अवधारणा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं थी; इसमें दैनिक जीवन के सभी तत्व शामिल थे, जैसे कि हमारी मूल भाषाओं में विवाह के निमंत्रण या कार्यक्रम की बधाई भेजना, साथ ही हिंदू परंपरा के अनुसार जन्मदिन मनाना आदि। इन दृष्टिकोणों का विशेष महत्व है। ये केवल दार्शनिक ग्रंथ नहीं हैं। गुरुजी केवल एक बौद्धिक दार्शनिक से कहीं अधिक थे। वे हिंदू दर्शन और उसकी जटिलताओं को अच्छी तरह समझते थे। एक व्यावहारिक नेता और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के मार्गदर्शक के रूप में उन्होंने अपने दर्शन को व्यक्तिगत अनुभव और प्रयोग के माध्यम से परखा। वे वास्तविक दुनिया के मुद्दों और चुनौतियों पर केंद्रित रहे। उनका दृष्टिकोण हिंदू आध्यात्मिक परंपरा पर आधारित होने के बावजूद अत्यधिक व्यावहारिक था।

सूडोकु नवताल- 7347

★★★★☆ मध्यम

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7346 का हल

1	9	3	2	4	6	5	8	7
4	7	2	5	1	8	3	6	9
6	5	8	7	3	9	1	2	4
3	8	9	4	5	1	2	7	6
2	4	7	6	9	3	8	1	5
5	1	6	8	7	2	4	9	3
8	2	4	9	6	5	7	3	1
7	6	1	3	2	4	9	5	8
9	3	5	1	8	7	6	4	2

ड्यूटी मीट

डॉ. प्रशान्त करण

पिछले दिनों झारखंड की राजधानी में एक वृहद आयोजन हुआ— अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट। ऐसे आयोजनों में पुलिस से लेकर पुलिस निरीक्षक कोटि के पदाधिकारी अपनी भिन्न-भिन्न विषयों की विभागीय क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, जिनमें वैज्ञानिक अनुसंधान के कई पेशेवर कार्यों में उनकी दक्षता की उत्कृष्टता भी देखने को मिलती है। हर वर्ष राज्यों के अपराध अनुसंधान विभाग अपने-अपने राज्यों में पहले प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करते हैं और फिर राज्यों के विजेता अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होते हैं। किसी राज्य को इसका आयोजन करना होता है, जो पिछली प्रतियोगिता के समापन के बाद ही निर्धारित हो जाता है। हर राज्य के प्रतिनिधि अपनी-अपनी टीम लेकर इस वर्ष राँची आए और अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इसे सफल बनाने में झारखंड राज्य के पुलिस प्रशासन ने जो परिश्रम किया, अवश्य ही पूरी आयोजन समिति और आयोजन से जुड़े छोटे-बड़े सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा और उन सब की भूरी-भूरी प्रशंसा हुई। यह समाचार लोगों तक गर्व से मथुरा जी बताते। बताएं भी क्यों नहीं, वे पुलिस में जमादार जो हैं।

रामलाल ने बड़े धैर्य से मथुरा जी के श्रीमुख से यह समाचार पाँच बार सुना। अब जब एक संध्या मथुरा जी छठी बार वही एक स्वर में बाँचने लगे तो रामलाल जी भड़क गए। बोले—"मथुरा जी, ई फिंगर प्रिंट और उ पैकिंग-वैकिंग का कभियो आप आजमाए हैं? अरे, बड़का केस छोड़ दीजिए, हाईलाइटेड मामला छोड़ दीजिए, गरीब-गुरबा के केस में आप लोग क्या करते हैं, सब को पता है। बेचारा तो एफआईआर भी कितना परिश्रम के बाद करा पाता है। कागज और फोटोकॉपी का खर्चा भी मुंशी जी को कई गुना नगद देना पड़ता है उसे। कितना मामला तो निबंधित भी नहीं हो पाता। पहले जमीन पर सच्चाई को स्वीकारिए। उसको ठीक कीजिए आप लोग।"

अब यह सुनते ही मथुरा जी भड़क गए। बोले—"हमको आप ज्ञान देने चले हैं? अभी अंदर कर देंगे। आप नक्सली वाला भाषा बोलते हैं।" बात बढ़ गई। तभी संयोग से रवि बाबू आ गए। उन्होंने दोनों का झगड़ा छुड़वाया और पूरी बात जानी। अब रवि बाबू गंभीर हो गए। रामलाल को कहने लगे—"कभी कुंभ स्नान कर आइए। प्रयागराज जाएंगे तो पता चलेगा कि पुलिस कितना मेहनत करती है, रात-दिन लगी रहती है, घर-परिवार छोड़कर। और आप हैं कि मथुरा जी और उनके विभाग के बारे में उल्टा-पुल्टा बोलते रहते हैं। अरे, राज्य पुलिस विभाग ने अच्छा आयोजन किया, प्रशंसा नहीं कर सकते तो चुप रहिए।"

अब रवि बाबू ने मथुरा जी को सुझाव दिया। कहने लगे—"मथुरा जी, आपके पुलिस ड्यूटी मीट में असली नए विषय नहीं लिए जा रहे हैं। आज समय बदल रहा है तो नए विषय जुड़ने चाहिए।" मथुरा जी श्रद्धा भाव से रवि बाबू को सुनने लगे। रवि बाबू बोले—"नए विषय पुलिस विभाग में छोटे से लेकर बड़े-बड़े अधिकारियों में अपार क्षमता है, प्रतिभा छिपी है। उनका भी सार्वजनिक सम्मान होना चाहिए कि नहीं?"

मथुरा जी बोले—"एकदम हजूर, होना ही चाहिए। लेकिन विषय तो बताइए।"

रवि बाबू बोले—"पहला यह कि विषम परिस्थिति में भी मनचाही पोस्टिंग करा लेना, सत्तारूढ़ नेताओं को खुश करते रहना, उनकी इच्छानुसार कार्य करना, जिस दल की सरकार हो, नेताओं-मंत्रियों के विश्वासपात्र बन जाना, नेताओं से मधुर संबंध बनाना और निभाना, मंत्री-विधायकों के नए आय श्रोतों को खोजकर उसमें अपना योगदान देना, सरकार, अपने काम, विभाग से अधिक नेताओं-मंत्रियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध करना, आउटसोर्स आदमी के माध्यम से घूस लेना आदि।"

मथुरा जी गंभीर हो गए। सिर खुजाते हुए बोले—"इसकी परीक्षा हो ही नहीं सकती। यह सब तो राज की बात है, अंदरूनी मामला है। हजूर, कहीं आप भी तो मीठे-मीठे रामलाल की बात नहीं बोल रहे?"

रवि बाबू अपनी चिर-परिचित मुस्कुराहट में बोल उठे—"हम जो विषय बताए, अगर आप उसमें दक्ष हो गए तो आपको जल्दी-जल्दी पाली से बाहर प्रोमोशन में कोई रोकेगा क्या? जैसा पोस्टिंग माँगिएगा, मिलेगा कि नहीं?"

मथुरा जी शर्मा गए। बोले—"हजूर, बात तो ठीक है, लेकिन यह सब सार्वजनिक नहीं कर सकते न?"

रवि बाबू बोले—"यह भी तो आजकल पुलिस की ड्यूटी में आ गया है, तो इसको भी ड्यूटी मीट में जुड़वाने से आपके विभाग का भला होगा।"

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बनेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी।

कर्क राशि : आज का दिन महत्त्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नए कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्या राशिः आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं। इम्युनीटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए आप योगा कर सकते हैं। आप खुद को दूसरों के सामने साबित करने में सफल होंगे।

तुला राशि : आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनो से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में सफल होंगे।

धनु राशि : आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा।

मकर राशि : आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं।

मीन राशि : आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा।

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत व रचनात्मक विपक्ष जरूरी

प्रियंका सौरभ

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। "विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना" या "विधेयक पर बात न करना" का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मज़बूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की ज़रूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

दिल्ली मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगे नीतीश कुमार !

पटना, एजेंसी। दिल्ली में बीजेपी ने 27 सालों के बाद विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है. अब 20 फरवरी को दिल्ली के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है. इसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार के शामिल होने की संभावना कम ही बतायी जा रही है. दिल्ली मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी की तरफ से दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल होंगे.

दिल्ली गए थे सीएम नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभी हाल ही में दिल्ली की यात्रा की थी और चर्चा थी कि प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकात हो सकती है. हालांकि मुलाकात नहीं हुई और मुख्यमंत्री शादी समारोह अटेंड करने के बाद दूसरे दिन पटना लौट आए. इससे पहले भी मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे में भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात नहीं कर पाए थे. एनडीए की बैठक में भी मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए थे और अब दिल्ली मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में जहां एनडीए के सभी घटक दल के नेता मौजूद रहेंगे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर से अनुपस्थित रहेंगे.

20 फरवरी को नालंदा में प्रगति यात्रा

जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह के लिए एनडीए के सभी वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है. मिल रही जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी आमंत्रण भेजा गया है, लेकिन मुख्यमंत्री इन दिनों प्रगति यात्रा में व्यस्त हैं. 20 फरवरी को मुख्यमंत्री की गृह जिले नालंदा में प्रगति यात्रा करना है. इसलिए मुख्यमंत्री दिल्ली में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगे. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री की तरफ से जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा के सांसद संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह शामिल होंगे. नीतीश कुमार के नजदीकी जदयू एमएलसी संजय गांधी ने कहा कि, मुख्यमंत्री 21 फरवरी तक प्रगति यात्रा में है और अब प्रगति यात्रा मुख्यमंत्री नहीं छोड़ेंगे. मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह में भेजेंगे.

सीएम नीतीश कहां गए कहां नहीं ?

बता दें कि, इससे पहले 5 दिसंबर 2024 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के तौर पर जब देवेंद्र फडणवीस ने शपथ ग्रहण किया था उसमें नीतीश कुमार शामिल हुए थे. इस दौरान पीएम मोदी से मुलाकात भी हुई थी. हालांकि उसके पहले 17 अक्टूबर 2024 को जब हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायाब सिंह सैनी ने शपथ ली थी उसमें नीतीश कुमार शामिल नहीं हुए थे. उनके प्रतिनिधि के रूप में संजय झा और ललन सिंह पहुंचे थे.

संक्षिप्त समाचार

जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र को लेकर किसानों का विरोध

मुजफ्फरपुर में 788 एकड़ जमीन को लेकर धरना, किसानों की मांग

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर में नए औद्योगिक क्षेत्र के विरोध में किसान सड़कों पर उतर आए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पारु प्रखंड के तीन गांवों में 788 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया बनाने का प्रस्ताव पास किया था। जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दौरान सर्किल ऑफिसर को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि वे अपनी उपजाऊ भूमि नहीं देंगे। किसान संजीव कुमार ने बताया कि इस जमीन पर आलू, प्याज और मकई जैसी कई फसलें उगाई जाती हैं। उनका मानना है कि फैक्ट्री लगने से विकास नहीं, बल्कि विनाश होगा। किसान अब्दुल समद के अनुसार, यहां की जमीन बेहद उपजाऊ है। गेहूं, धान, लहसुन समेत हर तरह की फसल यहां उगाई जाती है। प्रति कट्ठा 80 से 90 किलो तक उपज होती है। आस-पास के जिलों में भी यहां की फसलें बेची जाती हैं। किसानों की मांग है कि सरकार बंजर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करे। वे अपनी खेती की जमीन बचाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने कहा है कि वे अपनी जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे।

महाकुंभ जा रहे युवक की मौत:दुर्गावती स्टेशन के पास हादसा

● ट्रेन से गिरने पर गई जान

कैमूर, एजेंसी। कैमूर के दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के अड़सर गांव निवासी अमन कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने दुर्गावती पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत भभुआ रोड जीआरपी को सूचित किया। जीआरपी ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृतक के चाचा अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमन कुंभ स्नान के लिए रोहतास से ट्रेन में सवार हुआ था। ट्रेन में अत्यधिक भीड़ के कारण वह दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिर गया। जीआरपी की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।

प्रधान शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में देरी से उपजी वेतन विसंगति

● पद बढ़ा पर वेतन घटा, नतीजा ज्वॉइन ही नहीं कर रहे

पटना, एजेंसी। बिहार में 15 हजार नियोजित शिक्षक परीक्षा पास कर प्रधान शिक्षक बने। लेकिन ये ज्वॉइन नहीं कर रहे। द्वंद्व वेतन को लेकर है। दरअसल, भर्ती प्रक्रिया में हुई देरी इसके मूल में है। प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की भर्ती नियमावली 2021 में बनी। 2022 में वेकेंसी निकली। तब नियोजित शिक्षकों का मूल वेतन 26 हजार रुपए था, जबकि प्रधान शिक्षकों का मूल वेतन 930,500 तय हुआ। दो लाख नियोजित शिक्षकों ने प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापक का फॉर्म भरा। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में 3 वर्ष लग गए। इस दौरान शिक्षकों का मूल वेतन 31,340 रुपए हो गया; जबकि वैकेंसी के मुताबिक प्रधान शिक्षकों का वेतन 30,500 रुपए ही रहा। अब प्रधान शिक्षक के पद को लेकर नियोजित शिक्षक उहापोह में फंस गए हैं कि ज्वॉइन करें या न करें। ज्वॉइन करेंगे तो जो वेतन मिल रहा है वह 4000 से 5000 रुपए घट जाएगा। प्रधान शिक्षक और पुराने नियोजित शिक्षकों के मूल वेतन में भी 850 रुपए का अंतर है। प्रधान शिक्षक के लिए चयनित नियोजित शिक्षकों का कहना है कि वेतन की बढ़ोतरी एक नियम के मुताबिक होती है।

सास के सामने बहू का गला रेता, पति गया था महाकुंभ, देवर ने भाभी की कर दी हत्या

गया, एजेंसी। बिहार के गया में महिला की हत्या कर दी गई. युवक ने अपनी ममेरी भाभी को चाकू से गला रेतकर मार डाला. आरोपी ने घर में घुसकर महिला की सास के सामने ही इस वारदात को अंजाम दिया है. घटना के बाद से आरोपी फरार है. वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है.

देवर ने ममेरी भाभी को मार डाला

यह घटना गया जिले के डुमरिया प्रखंड के भदवर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार भदवर थाना के नंदई गांव में मंगलवार की शाम अनुज पासवान अपनी ममेरी भाभी से मिलने नंदई गांव आया था. इस दौरान अनुज और उसकी ममेरी भाभी सविता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद के बाद आरोपी ने अपने पास से चाकू निकालकर भाभी की गला रेतकर हत्या कर दी.

सास के सामने बहू का गला रेता: इस घटना को मृतक महिला की सास के सामने ही अंजाम दिया गया है. हालांकि सास ने आरोपी को रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रुका और सास के सामने ही बहू की गला रेतकर हत्या कर दी. घटना के बाद वह घर की छत के रास्ते से फरार हो गया.

महाकुंभ गया था मृतक का पति

जानकारी के अनुसार मृतक महिला का पति रंजीत पासवान पेशे से वाहन का चालक है. वह इन दिनों प्रयागराज स्थित महाकुंभ गया हुआ है. इसी बीच मंगलवार को रंजीत की पत्नी सविता से मिलने आए ममेरे देवर अनुज पासवान ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया और फिर भाग निकलने में सफल रहा. उसके भागने के बाद सास ने इस घटना की जानकारी गांव के लोगों को दी.

हत्या की वजह स्पष्ट नहीं

इस घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है. पुलिस इस घटना को प्रेम प्रसंग के पहलू से भी जोड़कर देख रही है. वहीं, इस घटना के बाद नंदई गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है. एफएसएल की मदद से इस मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है. इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार का कहना है कि 29 वर्षीय विवाहिता सविता देवी की हत्या उसके ममेरे देवर अमित पासवान ने कर दी है. घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना में प्रयुक्त चाकू और अन्य सामान को बरामद किया है. घटना करने वाला ममेरा देवर फरार हो गया है. जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी.

बिहार में धान खरीद का नया कीर्तिमान स्थापित, फिर भी लक्ष्य से पीछे है सरकार

पटना, एजेंसी। पिछले तीन सालों से बिहार सरकार धान खरीद का लक्ष्य 45 लाख मीट्रिक टन रखती रही है लेकिन कभी भी यह लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है. इस बार बिहार सरकार का दावा है कि 2024-25 में धान खरीद में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है. बिहार में 39.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जो पिछले साल के 30 लाख मीट्रिक टन से काफी अधिक है. हालांकि सरकार ने 45 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा था, जिसका लगभग 87.2 प्रतिशत ही खरीदी हो सकी है लेकिन इसके बावजूद सरकार इसे अपनी उपलब्धि बता रही है.

पिछले वर्ष से 30प्रतिशत अधिक धान की खरीद: बिहार सरकार ने धान की खरीद भले ही लक्ष्य से कम किया है लेकिन पिछले साल के मुकाबले वर्तमान वित्तीय वर्ष में 9 लाख मैट्रिक टन अधिक धान की खरीद हुई है. पिछले साल बिहार सरकार ने 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा था, जो लक्ष्य का 66.7 प्रतिशत था. वहीं, इस साल धान की खरीद में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. खाद्य आपूर्ति विभाग और सहकारिता विभाग के संयुक्त प्रयास से इस बार अधिक धान की खरीद की जा सकती है.

धान खरीदी में सबसे आगे भोजपुर जिला: खाद्य आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश के बाद किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी ना हो, इसकी कोशिश की गई है और उन्हें डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया है. भोजपुर में सबसे अधिक 39.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जोकि खरीदी के मामले में 105 फीसदी रही.

किन जिलों में कितनी खरादी?: धान खरीद में टॉप जिलों में लखीसराय, मधेपुरा, नालंदा, पटना, सहरसा, शेखपुरा, शिवहर, सिवान, सुपौल, अरवल, बांका, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, गया जैसे जिले शामिल हैं. इन जिलों में लक्ष्य के 95प्रतिशत तक धान की खरीद हुई है. वहीं, 90 फीसदी से पार रहने वाले जिलों में जमुई, अररिया, पश्चिमी चंपारण, सारण और मुंगेर शामिल हैं.

क्या था धान का रेट?: उत्तर बिहार में 1 नवंबर 2024 से धान की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो 15 फरवरी 2025 तक चली. बिहार सरकार ने इस बार साधारण धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की थी. पिछले वर्ष साधारण धान की कीमत 2183 रुपये प्रति क्विंटल थी, जबकि ग्रेड-ए धान की कीमत 2203 रुपये प्रति क्विंटल थी. दक्षिण बिहार के किसानों से 15 नवंबर से खरीद शुरू हुई थी और 15 फरवरी तक की गई.

किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन: बिहार सरकार की ओर से इस बार धान की बिक्री करने वाले निबंधित किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया. तय किया गया कि रैयती किसान अधिकतम 250 क्विंटल धान की बिक्री कर सकेंगे, जबकि गैर रैयती किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकेंगे. किसानों को खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाएगा और किसी भी परिस्थिति में धान का बकाया नहीं रखा जाएगा.

खो खो विश्व कप में भारत को स्वर्ण पद दिलाकर बिहार लौटीं मोनिका साह, भागलपुर में भव्य स्वागत

भागलपुर, एजेंसी। खो-खो की दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाली मोनिका साह का नवगछिया में भव्य स्वागत किया गया. जब मोनिका नवगछिया पहुंची तो पूरे इलाके में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ पड़ी. स्थानीय लोग व नवगछिया अध्यक्ष प्रीति कुमारी एवं युवा समाजसेवी प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव एवं ताई कमांडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेंट्स फाइटर की ओर से सम्मानित किया गया.

प्यार और सम्मान से खुशी

नवगछिया की चैंपियन बेटी मोनिका ने कहा कि नवगछिया पहुंच कर बहुत अच्छा लग रहा है. लोगों का प्यार और इतना सम्मान मिला. लोग मुझे देख कर मोटिवेट हो रहे हैं. मैं बच्चों का प्रेरणा स्रोत भी हूं कि दीदी यदि वर्ल्ड स्तर पर खेल सकती है तो मैं भी खेल सकती हूं. बहुत अच्छा लग रहा है. इसका पूरा श्रेय मेरे माता पिता को जाता है. छोटे से गांव से हूं, जहां बहुत चीजों का अभाव है. उस अभाव में भी मैं वर्ल्ड स्तर पर पहुंची हूं. सरकार बहुत अच्छी है, हमे पूरा आश्वासन मिला है कि एक अच्छी जॉब मिलेगी जो एक अच्छे खिलाड़ी की मिलती है. - मोनिका साह, खो-खो खिलाड़ी

मेडल लाओ नौकरी पाओ की तारीफ

मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना पर कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने इतना बढ़िया स्कीम लाए हैं. यह एक खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ा तोहफा है. बता दें कि बिहार में साल 2024 में कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकर दी गयी. ज्यादातर पुलिस विभाग में खिलाड़ी कौ नौकरी दी गयी.

भारत को स्वर्ण पदक दिलायी

मोनिका मूल रूप से नवगछिया के गोपालपुर प्रखंड अंतर्गत डिमहा गांव की रहने वाली है. हाल ही में दिल्ली में आयोजित खो-खो वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलायी. इस प्रतियोगिता में कई देशों की टीमें शामिल थी, लेकिन भारत की बेटियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से देश को चैंपियन बनाया.

बिहार को गर्व

मोनिका की इस सफलता पर बिहार समेत पूरे देश में खुशी की लहर है. खेल जगत में बिहार को नयी पहचान मिल रही है. खो-खो जैसे भारतीय खेलों में भी अपनी पहचान बना रहा है. मोनिका की यह उपलब्धि न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है.

छपरा में युवक की निर्मम हत्या, नदी किनारे इस हालत में मिला शव

सारण, एजेंसी। बिहार के छपरा में हत्या की घटना सामने आयी है. एक युवक की गला रेतकर जान ले ली गयी. घटना जिले के मशरक नगर पंचायत की है. बदमाशों ने बेरहमी से चाकू से गला रेत दिया. मृतक की पहचान मशरक जंक्शन पूरब टोला गांव निवासी मोहन बासफोर(35) के रूप में हुई है, जो नगर पंचायत में सफाई कर्मी का काम करता था. सोमवार से था गायबः घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह सोमवार की शाम 4 बजे से गायब था. जब देर रात तक घर नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी, लेकिन कुछ नहीं पता चला. सुबह तक घर नहीं लौटा था. इसी दौरान शव मिलने की सूचना मिली. नदी किनारे शव मिलाः मंगलवार की सुबह में जब लोग शौच करने गए तो गोगरी नदी किनारे शव देखा. वह शव मोहन बासफोर का ही था. इसके बाद लोगों ने परिवार के लोगों और पुलिस को सूचना दी है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक का बड़ा भाई बसंत बासफोर ने बताया कि मरने वाला मेरा छोटा भाई है. कल शाम से गायब था. हमलोग रातभर खोजबीन किए लेकिन नहीं मिला. सुबह में पता चला कि उसका शव मिला है. नगर निगम में काम करता था. हत्या क्यों की गयी इसकी जानकारी नहीं है. फोरेंसिक टीम कर रही छानबीनः जानकारी मिलने के बाद मशरक डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक सिंह और थाना प्रभारी अजय कुमार घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर जानकारी ली. घटनास्थल पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है.

हिंदू शेरनी नाम से फेमस खुशबू पांडे गिरफ्तार, जमुई हिंसा के बाद पुलिस का बड़ा एक्शन

जमुई, एजेंसी। बिहार में जमुई हिंसा के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. हिंदू शेरनी नाम से फेमस खुशबू पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है. मलयपुर थाना क्षेत्र स्थित घर से पुलिस ने खुशबू को गिरफ्तार किया है. उसके पिता को भी हिरासत में लिया गया. हालांकि बाद में उनको पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया. सोमवार की रात को ही खुशबू को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी: खुशबू पांडे की गिरफ्तारी के लिए गिद्धौर, झाझा, बरहट और मलयपुर थाने की संयुक्त रूप से टेक्निकल टीम गठित की गई थी. पुलिस के मुताबिक मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है. वहीं, मेडिकल जांच के बाद रात को ही उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. खुशबू पांडे पर भड़काऊ भाषण का आरोपः जमुई पुलिस ने हिंसा भड़काने के आरोप में खुशबू पांडे को उसके घर से गिरफ्तार किया है. उस पर आरोप है कि उसने भड़काऊ भाषण दिया, जिस वजह से हिंसा भड़की है. अब तक इस मामले में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं मंगलवार शाम को जिले में इंटरनेट सेवा बहाल कर दिया गया है.

कौन है खुशबू पांडे?: खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली खुशबू पांडे जमुई के मलयपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है. वह हिंदू स्वाभिमान संगठन की संयोजिका भी है. वह सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण देकर आए दिन विवादों में रहती है.

क्या बोले एसपी?: पूरे मामले की जानकारी देते हुए जमुई पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने बताया कि जमुई जिले के झाझा थाना अंतर्गत बलियाडीह गांव में दो समुदाय के बीच झड़प हुई थी, जिसमें दो-तीन लोग घायल हो गए थे. गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया था. इस मामले में पुलिस दोषियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है.

हनुमान चालीसा पाठ के बाद बवाल : एसपी ने बताया कि एक समुदाय के लोग हनुमान चालीसा पाठ के लिए बलियाडीह गांव में जमा हुए थे. कुछ स्थानीय ग्रामीण लोग और कुछ बाहरी लोग भी वहां मौजूद थे. वापसी के क्रम में झाझा थाना को सूचना मिली कि जब मस्जिद के पास से लोग गुजरे तो नाराबाजी की है. सूचना के बाद पुलिस की गस्ती टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन किसी भी प्रकार की कोई सूचना वरीय पदाधिकारियों को नहीं दी. गस्ती टीम को लगा होगा कि वे लोग ही इसे हैंडल कर लेंगे.

दो पक्षों में झड़प के बाद भड़की हिंसा : जमुई एसपी ने कहा कि गस्ती पुलिस पार्टी ने लोगों को समझाया कि दूसरे रास्ते से चले जाएं लेकिन जब लोग नहीं माने तो आगे रहकर लोगों को वहां से निकालने का प्रयास करने लगी. इसी दौरान झड़प हो गई. एसपी ने कहा कि गस्ती टीम में जो भी पुलिसकर्मी थे, उनको निलंबित कर दिया गया है और स्पष्टीकरण भी मांगा गया है कि आखिर आपने वरीय पदाधिकारी को सूचना क्यों नहीं दी?

मामले में दो केस दर्ज

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक प्राथमिकी गांव के लोगों के बयान पर दर्ज किया गया है. जिसमें 41 लोगों को नामजद किया गया है. अन्य 50-60 लोगों पर भी केस दर्ज हुआ है. उसमें से 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. वहीं दुसरी प्राथमिकी भी दर्ज हुई है. जिसमें बिना बिना अनुमति के जुलूस-जमावड़ा लगाने और आपत्तिजनक नारा लगाने के साथ-साथ विद्वेष फैलाने की कोशिश करने का आरोप है.

50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज : झाझा थाने के उपनिरीक्षक नंदन राय ने घटना के संबंध में सात नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. गिरफ्तारी के बाद पांडे को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया और उसके बाद सोमवार रात को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और फिर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. जमुई एसपी मदन कुमार आनंद का कहना है कि दोनों मामले में कार्रवाई चल रही है. अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. घटना वाले गांव में भी शांति समिति की बैठक की गई है. अभी मामला पूरी तरह से शांतिपूर्ण है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

नर्सिंग का छात्र निकला बदमाश, दुस्साहस इतना कि पुलिस पर भी कर दी फायरिंग

बरेली , एजेंसी। बरेली में बारादरी थाना पुलिस की गश्ती टीम पर हमला करने वाले तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। ये तीनों भाग निकले थे। मुठभेड़ में सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव अत्री भी घायल हो गए थे। बदमाशों में से एक निजी नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम द्वितीय वर्ष का छात्र है। बारादरी थाने की रुहेलखंड चौकी इंचार्ज दरोगा राहुल सिंह पुंडीर, हेड कांस्टेबल साबिर और अवनीश, सेटेलाइट चौकी इंचार्ज दरोगा गौरव अत्री, हेड कांस्टेबल बृजेश के साथ रविवार रात भरतौल मार्ग पर गश्त कर रहे थे। वहां गोदाम के पास दो बाइक पर पांच संदिग्ध आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जमीन पर गिरने से चौकी इंचार्ज गौरव अत्री घायल हो गए थे। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संभल के थाना बहजोई के गांव दिल्गौर निवासी रवि यादव और स्टेशन रोड देवी मंदिर निवासी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया था। रवि यादव नर्सिंग का छात्र है और हॉस्टल में रहता है। गिरफ्तार बदमाशों ने अपने साथियों के नाम थाना बहजोई की यादव कॉलोनी निवासी विशाल शर्मा, किरारी निवासी रजनेश यादव और संभल के थाना कैला के गांव बरखेडा निवासी विकास यादव बताए थे। पुलिस ने इनको भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 315 बोर के दो तमंचे, दो कारतूस, चार खोखे, और एक बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है।

विधवा के मकान पर कब्जा करने की कोशिश, आरोपियों ने पांच करोड़ की रंगदारी मांगी

बरेली , एजेंसी। बरेली में विधवा के मकान पर कब्जा करने, उसे जान से मारने की धमकी देने और पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने एसपी सिटी के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों में एक कथित मीडियाकर्मी और तीन महिलाएं शामिल हैं। बारादरी थाने के हरूनगला निवासी शशि का कहना है कि उनके पति देवेंद्र सिंह, ससुर बाबूराम, देवर सुनील की डेढ़ वर्ष के भीतर आकस्मिक मौत हो चुकी है। परिवार में वह और उनकी विधवा सास कलावती ही हैं। पति की मौत के उन्होंने शाहजहांपुर के बंडा में अपने पति के मेडिकल स्टोर का काम संभाल लिया। हरुनगला में शशि के नाम एक मकान है। परिवार में कोई पुरुष न होने से ननद अनीता ने मकान पर कब्जा करने की योजना बना ली। अनीता की बेटी रोली की कथित मीडियाकर्मी मयूर तलवार से नजदीकी है। ननद का बेटा आकाश एकता नाम की लड़की को अपने साथ रखता है। यह सभी गिरोह बनाकर ठगी का काम करते हैं। कथित मीडिया कर्मी मयूर तलवार के साथ मिलकर उनके मकान से काफी सामान भी गायब कर दिया। हत्या का भय और मकान कर कब्जा करने की धमकी देकर आरोपी उनसे पांच करोड़ की रंगदारी मांग रहे हैं। पुलिस ने अनीता, मयूर तलवार, रोली, आकाश और एकता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नेता जी, पुरुषोत्तम समेत कई ट्रेनें निरस्त, कई के मार्ग को किया गया परिवर्तन

प्रयागराज, एजेंसी। रेलवे प्रशासन प्रशासन ने प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज छिवकी आने वाली कई ट्रेनें निरस्त कर दी हैं। इनमें नेता जी एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके कईके मार्ग में परिवर्तन किया गया है। एक दर्जन से अधिक प्रयागराज जंक्शन की जगह छिवकी और कानपुर सेंट्रल से चलेंगी। इसके अलावा प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस 19 से 27 फरवरी तक कानपुर से प्रयागराज के बीच निरस्त रहेगी। वहीं, प्रयागराज-डॉ. अंबेडकरनगर एक्सप्रेस भी 28 फरवरी तक प्रयागराज से खजुराहो के बीच दोनों ओर संचालित नहीं होगी। 11061-लोकमान्य तिलक-जयनगर, 11062-जयनगर- लोकमान्य तिलक, 11033 पुणे-दरभंगा, 11034 दरभंगा-पुणे का संचालन प्रयागराज छिवकी के रास्ते होगा। 11071 लोकमान्य तिलक-बलिया, 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक, 22129 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट, 22130 अयोध्या कैंट - लोकमान्य तिलक झांसी रेलवे स्टेशन के रास्ते चलेगी। 22683 यशवंतपुर-लखनऊ, 22684 लखनऊ-यशवंतपुर, 12330 आनंद विहार-सियालदह, 12329 सियालदह-आनंद विहार, 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक, 22103 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट, 15017 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर, 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक, 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल, 12506 आनंद विहार-कामाख्या, 15633 बीकानेर-गुवाहाटी कानपुर सेंट्रल-लखनऊ के रास्ते चलेगी। इसी तरह 14118-14117 भिवानी-प्रयागराज अब कानपुर सेंट्रल से चलेगी। इसी तरह 14115-16 डॉ. अम्बेडकर नगर-प्रयागराज का संचलान प्रयागराज की जगह अब 27 फरवरी तक खजुराहो से होगा।

विपक्ष की मांग बिजली के निजीकरण को रोका जाए, ऊर्जा मंत्री बोले- कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखेंगे



लखनऊ , एजेंसी। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने पर विपक्ष ने विधान परिषद में बिजली के निजीकरण का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे बिजली के दाम बढ़ जाएंगे। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि बिजली विभाग के पास किसी भी निजी कंपनी से ज्यादा अनुभव है। निजीकरण को तत्काल रोका जाए। विपक्ष के आरोपों पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बयान दिया कि बिजली का निजीकरण राज्य के लिए जरूरी है। हम कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखेंगे और जो कि राज्य और जनता के हित में है वो करेंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 2017 में जब भाजपा की सरकार सत्ता में आई तो बिजली विभाग पर एक लाख 42 हजार करोड़ घाटे में था जिसे हम कम करने का प्रयास कर रहे हैं। सपा ने जब सरकार छोड़ी तो राज्य में डेढ़ लाख मजरे विद्युतीकरण से बाकी थे। उन्होंने कहा कि यह सच है पिछली सरकारों के कुप्रबंधन और हमारी सरकार के सुधार के प्रयासों के बावजूद बिजली विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से बिजली के दाम नहीं बढ़ेंगे। कर्मचारियों की भविष्य की चिंता पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हम उनके हितों का पूरा ध्यान रखेंगे। उन्हें अलग-अलग निगमों में समाहित करेंगे। हम जो भी कर रहे हैं वो प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली देने के लिए कर रहे हैं। राज्य की जनता के हितों को ध्यान में रखकर कर रहे हैं। सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले यूपी के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी का बजट जन कल्याणकारी होगा। जनभावनाओं के अनुरूप होगा। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। ढांचागत विकास का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्ती के महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताए जाने पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जानकारी नहीं होती है वो इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं।

विधानसभा के अध्यक्ष बोले- अपनी जिम्मेदारी निभाए विपक्ष : सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनता की भलाई के लिए सदन का सुचारू रुप से चलना बेहद जरूरी है। विपक्ष को अपनी जिम्मेदारियों को ठीक तरह से निभाना चाहिए। जहां जरूरत हो उन्हें सरकार की आलोचना का अधिकार है। बतौर विधानसभा अध्यक्ष मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि सदन के सभी सदस्यों को उनके मुद्दों को उठाने का पूरा मौका दिया जाएगा।

पुण्य कमाने की होड़ में पूर्वांचल और बिहार के बाहुबली भी पीछे नहीं, संगम की रेती पर लगा जमघट

प्रयागराज , एजेंसी। महाकुंभ में हर दिन कोई न कोई बड़ी हस्ती संगम में डुबकी लगाकर खुद को धन्य मान रहा है। मगर इस बार का महाकुंभ कई मायनों में विशिष्ट रहा है। पुण्य कमाने की होड़ में इस बार पूर्वांचल और बिहार के बाहुबली भी पीछे नहीं हैं। सियासत के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, पूर्व एमएलसी ब्रजेश सिंह, रामू द्विवेदी, विधायक सुशील सिंह और अभय सिंह समेत बिहार के कई बाहुबलियों ने भी संगम में डुबकी लगाई है। साथ ही वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। गंगा,यमुना और सरस्वती का त्रिवेणी संगम धर्म के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के लिए भी चर्चा में है। राजनीति, उद्योग और फिल्म जगत के दिग्गजों का संगम स्थल पर जमावड़ा हुआ है। सभी ने महाकुंभ का हिस्सा बनकर खुद को धन्य माना। दबंग और बाहुबली कहे जाने वाले लोग भी संगम पर पुण्य कमाने चले आ रहे हैं। बाहुबली कहे जाने वाले यह लोग सफेदपोश हो चुके हैं। एक बाहुबली तो हेलिकॉप्टर से आए, कई के प्रोटोकॉल का वीडियो वायरल हो गया। इनकी गाड़ियों का

काफिला पांटून पुल से गुजरा तो श्रद्धालु देखकर हैरान हो गए। सियासत के बाहुबली लाव-लश्कर के साथ वीआईपी प्रोटोकॉल में आए तो उन्होंने साधु-संतों के शिविर में जाकर उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया और फोटो भी खिंचवाई, सभी ने उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया। महाकुंभ में जनता भले ही जाम से परेशान है, उनकी गाड़ियां दस किमी. दूर रोक दी जा रही हैं, लेकिन बाहुबलियों की गाड़ियां किसी ने नहीं रोकी। सूत्रों की मानें तो एक बाहुबली मौनी अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ से घिर गए। धक्का-मुक्की के दौरान वह गिर भी गए, जिससे उन्हें चोटें आईं। उनके साथ बीस से अधिक सरकारी एवं प्राइवेट सुरक्षाकर्मी भी तैनात थे। चर्चा है कि उस रात वह एक संत के शिविर में रुके भी थे। पहली बार महाकुंभ में बाहुबली नहीं सनातन की रही गूंज प्रयागराज में अतीक गिरोह का सभी कुंभ में ठेका आदि में हस्तक्षेप रहता था। अतीक अपना पोस्टर भी लगवाता था। लेकिन उसके खात्मे के बाद न तो उसके गुर्गे कहीं नजर आए और न ही उसके नाम पर किसी ने अफसरों को धमकी ही दी। अलबत्ता उसके खिलाफ कुछ लोगों ने पोस्टर जरूर लगाए, जिसे प्रशासन ने बाद में हटवा दिया।

युवकों ने युवती से छेड़छाड़, विरोध पर मां-बेटी को पीटा

अचलगंज। एक गांव में दो युवकों ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर मां-बेटी की जमकर पिटाई कर दी। सिर फटने से मां को सीएचसी ले जाया गया जहां हालत गंभीर बताकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी के निर्देश पर दो के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट की गई है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एसपी दीपक भूकर को प्रार्थना पत्र दिया।

पूर्व पार्षद से ठगी: पेट्रोल पंप दिलाने का दिया झांसा, 6.88 लाख रुपये ठग लिए

आगरा , एजेंसी। आगरा के ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया निवासी पूर्व पार्षद को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर ठगों ने 6.88 लाख रुपये ले लिए। बाद में ठगों ने पंप खोलने के लिए पार्षद को फर्जी एनओसी दे दी। जांच कराने पर उन्हें धोखाधड़ी के बारे में पता चला। आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल बंद कर लिया। शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

टेढ़ी बगिया, ट्रांस यमुना निवासी पूर्व पार्षद श्याम प्रकाश बोधी ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि 13 जून 2024 को उनके घर पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद अपने समर्थकों के साथ आए थे। उनके साथ आए लोगों में मैनपुरी निवासी राजकिशोर नाम का एक युवक भी था। उसने उनसे कहा था कि वह पार्टी और चंद्रशेखर आजाद का फैन है। वह उनकी मैनपुरी में सभा कराना चाहता है।

एजुकेशनल काउंसलर ने कानपुर के होटल के मैं लगाई फांसी : जांच में जुटी पुलिस

सुनील बाजपेई । कानपुर। यहां के एक होटल में एजुकेशनल काउंसलर फांसी लगाकर जान दे दी । घटना के बाद लास्ट को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धेश्वर नगर शिवपुरी सीपरी बाजार झांसी निवासी आनंद कुमार श्रीवास्तव (47) यहां हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के अर्रा में 15 साल से किराए के मकान में रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी प्रिया है। इनके कोई संतान नहीं थी।

घटना स्थल से पुलिस ने जो सुसाइड नोट बरामद किया है उसमें आनंद श्रीवास्तव ने लिखा है कि मैंने लोगों को बहुत तकलीफ दी है, हमसे सभी लोग परेशान रहते हैं। इसलिए अब हमेशा के लिए जा रहा हूं। किसी को कोई दर्द नहीं होगा, मेरी वजह से... आइ एम वेरी सॉरी, मेरी सूचना सबसे पहले अमित पांडेय को दे दी जाए।

इसकी जानकारी कब हुई जब होटल का कर्मी चेकआउट के समय आया, आवाज दी। कोई रिस्पांस न आने पर खिड़की से झांका। तो बेड पर संदिग्ध हालात में लेटे मिले। पुलिस को बुलाया। रूम का दरवाजा तोड़कर शव निकाला। उसे उर्सला भिजवाया गया।

पुलिस-फॉरेंसिंक टीम को कमरे से एक नोट मिला। प्रारंभिक जांच में जहर खाकर जान देने की आशंका है। वहीं, होटल से पत्नी को आखिरी बार वीडियो कॉल की थी। ये घटना देर रात 2 बजे की है।

पत्नी प्रिया के पिता चन्द्रभान ने बताया- 2023 में आनंद और प्रिया की शादी हुई थी। आनंद कोचिंग भी चलाते थे। कुछ यूनिवर्सिटी से सम्पर्क में थे तो वहां एडमिशन कराने के लिए काउंसलर भी थे। फिलहाल पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद घटना की छानबीन कर रही है।

आगरा हाथरस मार्ग भीषण हादसा, ट्रक और टेंपो में आमने-सामने की टक्कर; तीन लोगों की मौत और कई घायल

आगरा , एजेंसी। आगरा-हाथरस मार्ग पर बुधवार सुबह ट्रक और टेंपो में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हुई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना खंदौली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को तत्काल ही उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। थाना खंदौली क्षेत्र के गांव बगल घूंसा के सामने ये हादसा हुआ। बताया गया है कि ट्रक और टेंपो में टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में मनदीप के साथ दो अन्य लोगों की मौत हुई है, जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया गया है कि ये सभी लोग केटरिंग का काम करते हैं, जो आगरा धौलपुर रोड पर एक शादी समारोह में काम कर अलीगढ़ जा रहे थे। हादसे में पवन पुत्र कुलदीप निवासी बलराम नगर थाना 21 सेक्टर कैथल हरियाणा, दीपक पुत्र रमेश निवासी दूर्वत हरियाणा औरअमन पुत्र कृष्णा निवासी करथल हरियाणा घायल हैं, जिन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भिजवा दिया गया है।

कोर्ट ने माना- बेवजह पति से अलग रह रही पत्नी भरण-पोषण भत्ते की हकदार नहीं

कानपुर , एजेंसी। कानपुर में शादी के सात महीने में ही पति-पत्नी में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों अलग रहने लगे। शिक्षक पति ने विदाई का मुकदमा दर्ज कराया। कोर्ट ने आदेश दिया लेकिन पत्नी ससुराल नहीं गई। पत्नी ने भरण-पोषण भत्ते के लिए मुकदमा दाखिल किया, जिसे पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश तृतीय आलोक कुमार ने खारिज कर दिया।

कहा कि पत्नी बेवजह पति से अलग रह रही है इसलिए भरण-पोषण की राशि पाने की अधिकारी नहीं है। हालांकि कोर्ट ने मुकदमा दाखिल करने की तारीख से फैसले की तारीख तक 13 हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण भत्ता देने का निर्देश भी दिया है। दहेज प्रताड़ना का लगाया था आरोप बाबूपुरवा कॉलोनी निवासी युवती का विवाह नई दिल्ली के द्वारिका निवासी सरकारी स्कूल के शिक्षक के साथ 22 जनवरी 2018 को हुआ था। कुछ ही माह में पति-पत्नी में अनबन के बाद मुकदमेबाजी शुरू हो गई। पत्नी ने गुजारा

भत्ता के लिए मुकदमा दर्ज कराया, जिसमें आरोप लगाया कि पति व ससुरालीजन दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

40 हजार प्रतिमाह भरण-पोषण भत्ता दिलाया जाए साथ ही पति पर जबरन शराब पिलाने व अन्य अभद्र आचरण की बात कही। 6 अक्टूबर 2018 को बुरी तरह मारा पीटा। डायल 100 पर सूचना देने पर पुलिस आई और पति को थाने ले गई, तो ससुरालवालों ने उसे निकाल दिया। पति सरकारी शिक्षक है और 61 हजार रुपये वेतन पाता है । इसलिए उसे 40 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण भत्ता दिलाया जाए।

बूढ़े मां-बाप को जेल भिजवाने की धमकी देती वहीं, पति ने जवाब में कहा कि पत्नी शादी के पहले से ही शराब और सिगरेट पीती थी। शादी के चार दिन बाद ही सिगरेट और शराब की जिद करने लगी। मना करने पर खुदकुशी की धमकी दी। बिना बताए घंटों घर से गायब रहती और समझाने पर बूढ़े मां-बाप को जेल भिजवाने की धमकी देती। सात अक्टूबर 2018 को उसे थाने में बंद कराकर जेवर लेकर चली गई। वैवाहिक साइट पर प्रोफाइल भी बनाई दूसरे विवाह के लिए वैवाहिक साइट पर प्रोफाइल भी बनाई है। घरेलू हिंसा अधिनियम में वह दस हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण पोषण भत्ता अदा भी कर रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट ने माना कि क्रूरता और प्रेम साथ-साथ नहीं चल सकता। पत्नी क्रूरता का कोई सबूत पेश नहीं कर सकी। पति साथ रखना चाहता है, लेकिन पत्नी नहीं रहना चाहती।

सीएम योगी बोले- हार की हताश से परेशान है विपक्ष, अखिलेश ने कहा, महाकुंभ में श्रद्धालुओं का हुआ अपमान

लखनऊ , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान देगा। सीएम मंगलवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभिभाषण व बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकता है। विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देगी। आरोप-प्रत्यारोप या फिर असंसदीय आचरण से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि राज्यपाल के अभिभाषण से सुदृढ़ व मर्यादित आचरण की शुरुआत हम लोग विपक्ष के अंदर देखने का प्रयास करेंगे।

विपक्ष समेत सभी सदस्यगण सदन में ऐसा आचरण दिखाएंगे जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आमजन की आस्था और सुदृढ़ होगी। कहा, 20 फरवरी को वर्ष 2025-26 का प्रदेश का सामान्य बजट सदन में प्रस्तुत होगा। सदन 18 फरवरी से 5 मार्च तक प्रस्तावित है। बहुत कम मौके रहे हैं जब इतने लंबे समय तक सदन चला है। सदन सुचारू रूप से चले यह सिर्फ सत्ता पक्ष का नहीं,



बल्कि विपक्ष का भी महत्वपूर्ण दायित्व है।

उन्होंने कहा कि हताश-निराश विपक्ष मुद्दों पर चर्चा और सदन की कार्यवाही से भागने का प्रयास करता है। विपक्ष अगर सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा तो यह बजट सत्र बहुत अच्छा हो सकता है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, धर्मपाल सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी उनके साथ थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य विधानमंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण निराशाजनक है। इसमें जनसामान्य की आकांक्षाओं की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि महाकुंभ में घोर अव्यवस्था को दिव्य-भव्य व्यवस्था का नाम देकर उन तमाम श्रद्धालुओं और उनके परिजनों का अपमान किया गया है जिनकी जानें सरकारी कुव्यवस्था ने ले ली है। सरकार की विफलता से जो घायल हुए, वे इलाज के लिए तड़प रहे हैं। सरकार ने महाकुंभ में आने वालों की करोड़ों की संख्या तो बता दी, पर अब तक मृतकों की संख्या व पता नहीं बताया है। आज भी महाकुंभ में तमाम लोग अपनों को खोज रहे हैं। यह सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे : सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभिभाषण में किसानों और नौजवानों के लिए कुछ भी नहीं है। पढ़े-लिखे नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे हैं। निवेश के नाम पर सिर्फ आंकड़ेबाजी है। नए उद्योग नहीं लग रहे हैं, पुराने उद्योग बंद होते जा रहे हैं। व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छिपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। भाजपा सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। भाजपा की डबल इंजन सरकार के भ्रष्टाचार ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

ट्रम्प का भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल, कहा- मोदी के लिए बहुत सम्मान पर 182 करोड़ क्यों दे रहे

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में मतदान को बढ़ाने के लिए मिलने वाली 182 करोड़ रुपए की फंडिंग पर सवाल उठाए हैं। ट्रम्प ने कहा हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके PM का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों? ट्रम्प के सहयोगी इलॉन मस्क ने शनिवार को भारत को दी जाने वाली 182 करोड़ रुपए की फंडिंग रद्द कर दी । मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DoGE) ने शनिवार को यह फैसला लिया। DOGE ने एक लिस्ट जारी की है। इसमें डिपार्टमेंट की तरफ से 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द की गई है। इनमें एक प्रोग्राम दुनियाभर में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए भी है, जिसका फंड 4200 करोड़ रुपए है। इस फंड में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। BJP ने चुनाव में फंडिंग पर सवाल उठाए BJP नेता अमित मालवीय ने DOGE के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने भारत के चुनाव में 182 करोड़ की फंडिंग को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने X पोस्ट में कहा- 21 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपए) वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए? यह साफ तौर पर देश की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल है। इस फंड से किसे फायदा होगा। जाहिर है इससे सत्ताधारी (BJP) पार्टी को तो फायदा नहीं होगा। एक दूसरे पोस्ट में अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी और जॉर्ज सोरोस पर भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। मालवीय ने सोरोस को गांधी परिवार का जाना-माना सहयोगी बताया। मालवीय ने X पर लिखा कि 2012 में एसवाई कुरैशी के नेतृत्व में चुनाव आयोग ने इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (IFES) के साथ एक MoU साइन किया था। ये संस्था जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से जुड़ा है। इसे मुख्य तौर पर USAID से आर्थिक मदद मिलती है।

स्वास्थ्य मंत्री बोले- बच्चों को दी जा रही वैक्सीन की जांच करेंगे, पेस्टिसाइड और एंटीडिप्रेसेंट भी स्टडी की जाएगी

नई दिल्ली। ट्रम्प सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट केनेडी जूनियर ने कहा है कि वे बच्चों को दी जाने वाली वैक्सीन की जांच करेंगे। इनमें चेचक, पोलियो और कई अन्य गंभीर बीमारियों के लिए दी जाने वाली वैक्सीन शामिल हैं। मंगलवार को अमेरिका के हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विस एजेंसी के हजारों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम पेस्टिसाइड, फूड, माइक्रोप्लास्टिक, एंटीडिप्रेसेंट और फोन-माइक्रावेव से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव की भी स्टडी करेंगे। केनेडी ने कहा कि हमारा 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' कमीशन वैक्सीन, पेस्टिसाइड और एंटीडिप्रेसेंट को इन्वेस्टिगेट करेगा और ये पता लगाएगा कि क्या इनकी वजह से डायबिटीज और मोटापे जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। इस कमीशन का गठन पिछले हफ्ते केनेडी के स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने के बाद किया गया था। कमीशन के गठन के आदेश पत्र में कहा गया था कि इस कमीशन में कैबिनेट मंत्री और ट्रम्प प्रशासन के अन्य नेताओं को शामिल किया जाएगा। ये कमीशन अगले छह महीने के अंदर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्ट्रैटजी बनाएगा।

व्हाइट हाउस बोला- मस्क आधिकारिक फैसले नहीं ले सकते, उनकी जिम्मेदारी सिर्फ राष्ट्रपति को सलाह देना

वॉशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति ऑफिस व्हाइट हाउस ने एक कोर्ट में जवाब दिया कि अमेरिकी बिजनेसमैन इलॉन मस्क सिर्फ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं। वे डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DoGE) के एम्पलॉयी नहीं हैं, इसलिए उनके पास सरकार के अंदर फैसले लेने का अधिकार नहीं है। दरअसल, न्यू मेक्सिको की अगुआई में 14 अमेरिका राज्यों ने वॉशिंगटन डीसी के एक फेडरल कोर्ट में ट्रम्प और मस्क के खिलाफ केस किया है। ये राज्य इलॉन मस्क को DoGE प्रमुख बनाए जाने से नाराज हैं। राज्यों के मुताबिक, इलॉन के हाथ में बड़ी ताकत आ गई है, जो अमेरिकी संविधान के उल्लंघन में है। इस केस को लेकर व्हाइट हाउस में ऑफिस ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के डायरेक्टर जॉशुआ फिशर ने कोर्ट में जानकारी दी कि मस्क की भूमिका सिर्फ सलाहकार की है। उनका काम सिर्फ राष्ट्रपति को सलाह देना और प्रशासन की तरफ से निर्देशों को कर्मचारियों तक पहुंचाने का है। इस मुकदमे में कहा गया है कि सरकारी वर्कफोर्स को हटाने और एक ही बार में पूरे के पूरे डिपार्टमेंट को खत्म कर देने की जो असीमित ताकत राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को मिली है, वो उन लोगों के लिए बेहद चौंकाने वाली होती जिन्होंने इस देश को आजादी दिलाई।

पाकिस्तानी सेना ने अफगान सीमा में 30 आतंकी मारे, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने दक्षिण वजीरिस्तान में अफगानिस्तान सीमा के पास 30 आतंकवादियों को मार गिराया है। ये सारे आतंकी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए थे। पाकिस्तान में सख्त शरिया कानून लागू करने के मकसद से राज्य पर कब्जा करना चाहते हैं। हालांकि, सेना ने अपने बयान में यह नहीं बताया कि मारे गए आतंकी किस संगठन से जुड़े थे। दक्षिण वजीरिस्तान में यह अभियान आतंकियों को इस कबायली जिले से हटाने के लिए चलाया गया था, जो लंबे समय से दोनों देशों में एक्टिव हैं। यह इलाका लंबे समय से आतंकियों के ठहरने का अड्डा माना जाता है। यहां पत्रकारों और मानवाधिकार संगठनों के जाने पर भी रोक है। 26 जनवरी को खैबर राज्य में 30 आतंकी मारे गए थे खैबर पख्तूनख्वा में 26 जनवरी को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 30 आतंकवादियों को मार गिराया था। तीन अलग-अलग ठिकानों में आतंकियों के खिलाफ सीक्रेट ऑपरेशन चलाया गया था। पहली मुठभेड़ खैबर पख्तूनख्वा में हुई, जहां पाकिस्तानी सैनिकों ने 18 आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि 6 घायल हुए। वहीं, करक जिले में 8 आतंकियों का ढेर किया गया। तीसरी मुठभेड़ खैबर जिले के बाग इलाके में हुई। यहां सेना ने चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि दो घायल हुए। मारे गए आतंकवादियों के पास से कई हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। इससे पहले 12 जनवरी को पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 9 आतंकवादियों को मार गिराया था।

कर्नाटक CM सिद्धारमैया को MUDA जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीन चिट मिली

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीन चिट मिल गई है। MUDA पर आरोप है कि उसने कई लोगों को कम कीमत पर प्रॉपर्टियां दी थीं। इनमें सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु में पॉश इलाके में दी गईं 14 साइट्स भी शामिल हैं। ये साइट्स मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले दी गई थीं। 14 साइट्स 3 लाख 24 हजार 700 रुपए में आवंटित की गई थीं। ED ने पिछले महीने इस केस में सिद्धारमैया और अन्य की 300 करोड़ रुपए कीमत की अचल संपत्तियां जब्त की हैं।

6 अमेरिकी राज्यों में बाढ़ 14 की मौत, बिजली ठप

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के 6 राज्य केन्टकी, जॉर्जिया, वर्जीनिया, पश्चिम वर्जीनिया, टेनेसी और इंडियाना बाढ़ से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान केन्टकी राज्य में हुआ है जहां 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि पश्चिमी वर्जीनिया और जॉर्जिया में एक-एक मौत हुई। CBC न्यूज के मुताबिक अमेरिका के पूर्वी राज्यों में करीब 9 करोड़ लोग पोलर वोर्टेक्स की वजह से भीषण ठंड का सामना कर रहे हैं। यहां तापमान रिकॉर्ड स्तर तक गिर गया है, स्कूल बंद हो गए हैं, पाइप फट गए हैं। 14 हजार से ज्यादा घरों की बिजली ठप हो गई है और 17 हजार जगहों पर पानी की सप्लाई रुक गई। नेशनल वेदर सर्विस के मौसम विज्ञानी एंड्रयू ओरिसन ने बताया कि मध्य अमेरिका में इस समय सबसे कम तापमान है। मध्य-पश्चिम के कुछ इलाकों में तो तापमान माइनस 50 से माइनस 60 डिग्री तक पहुंच गया है। पश्चिमी वर्जीनिया के गवर्नर पैट्रिक मॉरिसी ने बताया कि लगातार बढ़ते जलस्तर की वजह से कई लोग लापता हो गए हैं। केन्टकी और उसके आसपास के इलाके में रेस्क्यू टीम ने 1000 बचाव अभियान चलाए हैं। केन्टकी में और ज्यादा बढ़ेगा जलस्तर नेशनल वेदर सर्विस ने केन्टकी राज्य के लिए चेतावनी जारी कर कहा है कि राज्य के कई इलाकों में अगले कुछ दिनों में नदियों को जलस्तर बढ़ता रहेगा। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में तापमान में और ज्यादा गिरावट आएगी। केन्टकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने लोगों से कहा- अगर कुछ दिनों तक आपके घरों में बिजली नहीं आती है तो किसी गर्म जगह पर सुरक्षित रहें। पोलर वोर्टेक्स से जूझ रहा है अमेरिका अमेरिका में आई इस बाढ़ के पीछे पोलर वोर्टेक्स के बर्फीले तूफान को प्रमुख वजह माना जा रहा है। अमेरिका के कई राज्य पिछले दो महीने से भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है।

- कुछ इलाकों में तापमान माइनस 60 डिग्री पहुंचा, भीषण ठंड से जूझ रहे 9 करोड़ लोग

रेखा गुप्ता का दिल्ली CM बनना तय

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक RSS ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा है, जिसे भाजपा ने मान लिया है। विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 11 दिन बाद आज शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी दलित, पूर्वांचल और जाट का कॉम्बिनेशन बना सकती है। दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं। कार्यक्रम में 30 हजार मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है।

रेखा गुप्ता बोलीं- कोई दावेदार नहीं, सब पार्टी तय करती है: भाजपा विधायक रेखा गुप्ता ने कहा- भाजपा में सीएम पद का कोई भी दावेदार नहीं है। यह सब पार्टी तय करती है, जिसे भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वह प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि बीजेपी के सीएम के साथ दिल्ली में एक नया अध्याय शुरू होगा। दिल्ली बहुत सारे विकास कार्यों के साथ एक नई कहानी लिखेगी, लोगों को अधिकार मिलेंगे, सभी काम होंगे। कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बहुत उत्साह है। लोग इसमें शामिल होना चाहते हैं। 26 साल बाद दिल्ली अपनी क्षमता का एहसास करने के लिए तैयार है।

- RSS ने महिला मुख्यमंत्री का प्रस्ताव दिया, भाजपा ने माना, आज 12.35 बजे शपथ

जापानी PM पर हमला करने वाले को 10 साल सजा

एजेंसी, टोक्यो

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फोमियो किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा सुनाई गई है। बुधवार को वाकायामा जिला अदालत ने सजा का ऐलान किया। हमलावर का नाम रयूजी किमुरा (25) है,उसे 5 आरोपों में दोषी ठहराया गया है। उसने 15 अप्रैल 2023 को वाकायामा शहर में एक चुनावी रैली के दौरान किशिदा पर एक स्मोक बम फेंका था। हमले में किशिदा बच गए थे, लेकिन 2 अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके बैग से एक चाकू भी बरामद किया गया था। फरवरी की शुरुआत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान, किमुरा ने हत्या की कोशिश के आरोप से इनकार किया था। उसने दावा किया कि उसका इरादा किशिदा को मारने का नहीं था। जापान टाइम्स के मुताबिक किशिदा वाकायामा शहर में एक इलेक्शन रैली में भाषण देने पहुंचे थे। स्थानीय समयानुसार धमाका 15 अप्रैल सुबह 11:30 बजे हुआ। इसके बाद करीब 1 बजे प्रधानमंत्री किशिदा ने वाकायामा शहर में अपनी स्पीच पूरी की।

अडाणी मामले में अमेरिका ने भारत से मदद मांगी गौतम और सागर अडाणी को नोटिस देने की कोशिश

एजेंसी, नई दिल्ली

अडाणी के खिलाफ धोखाधड़ी और रिश्वत से जुड़े मामले में अमेरिका ने भारत सरकार से मदद मांगी है। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (SEC) ने न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में बताया कि रिश्वतखोरी मामले में गौतम अडाणी और सागर अडाणी को नोटिस देने के लिए कोशिश की जा रही है। SEC ने मंगलवार को कोर्ट में बताया कि उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी भारत में मौजूद हैं। उन्हें नोटिस देने के लिए भारतीय अधिकारियों से मदद मांगी है। इसके लिए भारत के कानून मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है। दरअसल, बिजनेसमैन गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने भारत में रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को धोखाधड़ी से हासिल किया। ये प्रोजेक्ट पाने के लिए उन्होंने 2 हजार करोड़ रुपए रिश्वत देने का प्लान बनाया था। इस मामले में 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में केस दर्ज हुआ था।

अमेरिकी इन्वेस्टर्स से झूठ बोलकर पैसा जुटाने का आरोप: धोखाधड़ी का यह मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था। आरोप था कि अडाणी और बाकी लोगों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। फिर प्रोजेक्ट हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई।

कहीं भी रिश्वत देने की बात नहीं कही गई: चार्जशीट के मुताबिक यह अमेरिका के फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (FCPA) का उल्लंघन है। खास बात ये है कि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के डॉक्यूमेंट में रिश्वत ऑफर करने और प्लानिंग की बात कही गई। रिश्वत दी गई, ऐसा नहीं कहा गया है। 20 नवंबर 2024 को कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई और ये मामला सबके सामने आया।

कानून मंत्रालय से संपर्क किया

वकील बोला- सीनियर एडवोकेट विदेश में, सुनवाई टले, सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील को कड़ी फटकार लगाई जो एक केस की सुनवाई टालने की मांग कर रहे थे। अदालत ने कहा कि सिर्फ किसी सीनियर वकील का नाम लेने से सुनवाई नहीं टलेगी। दरअसल यह मामला एक व्यावसायिक विवाद से जुड़ा था। वकील ने अदालत से रिक्वेस्ट किया कि सुनवाई चार हफ्ते के लिए टाल दी जाए, क्योंकि सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे इस वक्त देश से बाहर हैं और वही इस केस पर बहस करेंगे। जस्टिस ओका और भुइयां की पीठ ने जताई नाराजगी जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने वकील की इस मांग पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा, "क्या आपको लगता है कि अगर आप किसी सीनियर वकील का नाम लेंगे, तो हम सुनवाई टाल देंगे? यह आदत अब बंद होनी चाहिए।"

न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की हिदायत बेंच ने कहा कि बार के वकीलों को यह समझना होगा कि अदालत सिर्फ बड़े या सीनियर वकीलों के नाम सुनकर फैसले नहीं लेती। इस तरह की आदत को रोकने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में फिर भी टली सुनवाई हालांकि, बाद में जब मामला दोबारा सुनवाई के लिए आया तो अदालत ने वकील की अपील स्वीकार करते हुए अगली तारीख दे दी। इसके बावजूद कोर्ट ने साफ कर दिया कि सिर्फ सीनियर वकील का नाम लेना सुनवाई टालने का आधार नहीं बन सकता। पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार सुप्रीम कोर्ट पहले भी वकीलों को अदालत की गरिमा बनाए रखने की हिदायत दे चुका है। जनवरी में, अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी जो कार में बैठकर सुनवाई में शामिल हो रहे थे। कोर्ट ने कहा था कि न्यायिक कार्यवाही के दौरान मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

कहा- यह आदत बंद होनी चाहिए

नेपाली स्टूडेंट सुसाइड केस, कॉलेज स्टाफ ने माफी मांगी, 2 स्टाफ बर्खास्त, 2 गार्ड गिरफ्तार

एजेंसी, भुवनेश्वर

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (KIIT) कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्लाते हुए कहा- यह आपके देश के बजट के बराबर है। कॉलेज कैंपस में विरोध प्रदर्शन तक शुरू हुआ था, जब KIIT में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लम्साल ने 16 फरवरी को सुसाइड कर लिया था। आरोप था कि उसके साथी स्टूडेंट ने उसके साथ बदतमीजी की थी। जयंति नाथ ने यह भी कहा कि यह बात इस बात का जवाब था, जिसमें कहा गया था कि भारत और KIIT गरीब है।

KIIT ने माफीनामा जारी किया, दो स्टाफ हटाए गए KIIT ने भी सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए एक लेटर जारी किया। इसमें कहा गया कि यूनिवर्सिटी के दो अधिकारियों को उनके गैर जिम्मेदाराना बयान के कारण हटा दिया गया है। हालांकि यूनिवर्सिटी ने उनके नाम नहीं लिखे हैं। KIIT हमेशा से दुनिया भर से स्टूडेंट के लिए घर रहा है, जो इनक्लूसिव, रिस्पेक्ट और रिस्पांसिबल की कल्चर को बढ़ावा देता है। हम हाल की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं। साथ ही सभी स्टूडेंट को सेफ्टी, डिग्निटी और कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। इसमें नेपाली स्टूडेंट भी शामिल हैं। लेटर में नेपाली स्टूडेंट से तत्काल प्रभाव से क्लास ज्वाइन करने की अपील की गई है। उधर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने वाले दो सुरक्षा गार्ड रमाकांत नायक (45) और योगेंद्र बेहरा (25) को गिरफ्तार कर लिया गया।

शिंदे बोले- हमारे बीच कोई कोल्ड वॉर नहीं

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन (BJP-NCP-शिवसेना) में सब कुछ ठीक है और उनके बीच किसी भी तरह का कोई कोल्ड वॉर नहीं चल रहा है। इनके बीच अनबन की खबरें तब चर्चा में आई जब शिंदे ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड के जैसा मेडिकल सेल बना दिया। शिंदे के इस कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए थे। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि यह नया सेल किसी कॉम्पिटिशन व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के वॉर रूम के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। फडणवीस ने भी विवाद को खारिज किया मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, "इस तरह के सेल का गठन कोई गलत बात नहीं है, क्योंकि इसका मकसद जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तब मैंने भी इसी तरह का सेल बनाया था।"

विपक्ष का आरोप, राज्य में दोहरी सरकार चल रही है शिंदे की यह सफाई विपक्षी दलों के आरोपों के बाद आई है, जिसमें शिवसेना (UBT) के सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि राज्य में "समानांतर सरकार चलाई जा रही है"। राउत ने कहा, अगर सरकार इसी तरह चलती रही तो महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ेगी। शिंदे के करीबी बोले- पहले भी यही काम किया था नए मेडिकल एड सेल के प्रमुख और शिंदे के करीबी सहयोगी मंगेश चिवटे ने इस मुद्दे पर कहा की यह कोई नई पहल नहीं है। उन्होंने कहा, "जब शिंदे मुख्यमंत्री थे, तब भी मैं सीएम राहत कोष के जरिए यही काम कर रहा था और कई जरूरतमंद मरीजों की मदद की थी। अब यह नया सेल फंड बांटेगा नहीं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को मदद करेगा।" शिंदे गुट के 20 विधायकों की Y-कैटेगरी सुरक्षा घटाई हाल ही में महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के 20 विधायकों की Y कैटेगरी सुरक्षा हटा ली गई है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन विधायकों की सुरक्षा में सिर्फ एक कॉन्स्टेबल तैनात किया गया है। वहीं, भाजपा और NCP (अजित गुट) के कुछ विधायकों की सुरक्षा घटाने की खबर है। हालांकि, न तो शासन ने इस पर बयान जारी किया है, न ही विधायकों ने कुछ बोला है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि शिंदे इस फैसले से नाराज हैं।

- मिलकर काम कर रहे, फडणवीस के साथ अनबन की खबरों को खारिज किया

दिल्ली-घर में आग लगी, सेकेंड फ्लोर से कूदे 6 लोग

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के नांगलोई में सोमवार रात एक दोमंजिला घर में आग लग गई। दोनों मंजिल आग की चपेट में आ गईं। इस दौरान कई लोग बिल्डिंग में फंस गए। 6 लोगों ने बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर से कूदकर जान बचाई। हालांकि. उन्हें चोट आई है। सभी अस्पताल में एडमिट हैं। घायल लोगों में दो महिलाएं, तीन युवक और एक नाबालिग हैं। बताया जा रहा है ये हादसा गैस लीक होने की वजह से हुआ। घटना का वीडियो अब सामने आया है। घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। नीचे कुछ लोग खड़े हैं। तभी ऊपर से लोग कूदने लगते हैं। इस बीच नीचे फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड टीम के मुताबिक, आग लगने की सूचना सोमवार (17 फरवरी) रात 9:45 पर मिली थी। तीन गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

- 2 महिलाएं, 3 युवक और एक नाबालिग अस्पताल में भर्ती, गैस लीक होने से हादसा

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

मुंबई इंडियंस ने गुजरात को पांच विकेट से चटाई धूल, हेली मैथ्यूज ने गेंद से किया कमाल

एजेंसी, नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस आखिरकार वूमेन्स प्रीमियर लीग यानी WPL 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। मुंबई ने हेली मैथ्यूज की शानदार गेंदबाजी और नैट स्किवर ब्रंट के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर गुजरात को 5 विकेट से हराया। गुजरात को इस तरह तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। हेली मैथ्यूज को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की टीम 20 ओवर में 120 रनों पर ढेर हो गई। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने 121 रनों का लक्ष्य 16.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुंबई की ओर से नैट स्किवर ब्रंट (57) ने शानदार अर्धशतक जड़ा। हेली मैथ्यूज ने 3 विकेट अपने नाम किए। नैट स्किवर और अमेलिया केर ने 2-2 विकेट झटके।

किया निराश : मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो जल्द ही सही साबित हुआ। गुजरात की बल्लेबाजी का आगाज बेहद खराब रहा। टीम ने पावरप्ले में ही 28 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए। इसके बाद 10 ओवर में जैसे-तैसे 50 रन का स्कोर पार किया लेकिन तब तक आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद 17 ओवर में जाकर गुजरात के 100 रन पूरे हुए। आखिरी ओवर तक गुजरात की टीम 120 रनों पर सिमट चुकी थी। गुजरात की ओर से इकलौती हरलीन ही टिककर खेल सकी। उन्होंने 31 गेंदों पर 32 रनों की पारी खेली। टीम के बाकी बल्लेबाजों ने काफी निराश किया। टीम के 6 बल्लेबाज डबल डिजिट में भी नहीं पहुंच सके। गुजरात के 120 रनों पर ढेर होने के बाद मुंबई इंडियंस ने नैट स्किवर ब्रंट की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 121 रनों का लक्ष्य 17वें ओवर की पहली गेंद पर हासिल कर लिया। नैट स्किवर ब्रंट ने 39 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 57 रनों की पारी खेली। इस जीत के बाद अब मुंबई इंडियंस की टीम प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है जबकि RCB लगातार 2 जीत के बाद टॉप पर है।

मैक्सवेल विफल हुए तो ऑस्ट्रेलिया होगी बाहर : वॉन

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि अगर ऑलरांउडर ग्लेन मैक्सवेल इस बार असफल रहे तो ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएगी। वॉन के अनुसार मिशेल स्टार्क, नियमित कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही कमजोर है। ऐसे में नये गेंदबाजों के लिए पाकिस्तान और दुबई में बल्लेबाजों को रोकना कठिन होगा। कमिंस और हेजलवुड चोटों के कारण बाहर हो गए, जबकि स्टार्क ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

वॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कमिंस और जोश हेजलवुड भी नहीं हैं। उनका मुख्य तेज गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान और दुबई में नहीं होगा। ऐसा लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत बड़ा झटका है। वॉन ने स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाना सही फैसला है। साथ ही कहा कि सभी कप्तानों में से स्मिथ रणनीतिक तौर पर देखा जाये तो किसी भी अन्य कप्तान की तरह ही अच्छे हैं। हालांकि, तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के गायब होने के कारण स्मिथ को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उनके अनुसार मार्कस स्टोइनिस और मिचेल मार्श के टीम में नहीं होने से भी मैक्सवेल पर दबाव रहेगा। स्टोइनिस ने कुछ हफ्ते पहले ही एकदिवसीय से संन्यास की घोषणा की जबकि मार्श घायल हो गए थे। वॉन के अनुसार, मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई टीम के ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्लेन मैक्सवेल और स्पिनर एडम जम्पा ऑस्ट्रेलिया के मुख्य खिलाड़ी होंगे, लेकिन मुझे लगता है कि बहुत कुछ मैक्सवेल के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

कोच जेलेजनी से मिली सलाह से हुआ लाभ, अब 90 मीटर तक भाला फेंकेंगे नीरज

एजेंसी, नई दिल्ली

देश के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि नए कोच यान जेलेजनी से मिली सलाह से उन्हें काफी लाभ हुआ है और वह आने वाले समय में 90 मीटर तक भाला फेंक सकेंगे। ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा कोच जेलेजनी से बात करने के बाद उनकी तकनीक में जो गलतियां पायी गयीं थीं उनका पता चल गया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कोच की सलाह के अनुसार थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। नीरज आजकल 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, 'मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो वह जल्द ही फेंकेंगे। साथ ही कहा कि कोच ने मेरे खेल में कुछ तकनीकी बदलाव किए हैं। जिससे मुझे सहायता मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था। चोपड़ा ने कहा, 'अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत जल्द बेहतर हो जाऊंगा। नीरज ने कहा कि मैं भाले को 90 मीटर से अधिक फेंकना चाहता हूं, हर कोई मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। उन्होंने ग्रोइन की चोट के बारे में भी बात की जिसने पिछले साल उनके सत्र को नुकसान पहुंचाया। चोपड़ा ने कहा, 'ग्रोइन की चोट लंबे समय से एक समस्या रही है। मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था। मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ व्यायाम सुझाए। मैं उस पर काम कर रहा हूं, इसलिए उम्मीद है कि इससे मदद मिलेगी।

शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में करेंगे डेब्यू, एसेक्स के लिए खेलेंगे सात मैच

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में अपना पहला अनुभव हासिल करने के लिए तैयार हैं। 33 वर्षीय ठाकुर को 2025-26 काउंटी चैम्पियनशिप सीज़न के शुरुआती भाग में एसेक्स के लिए सात मैचों के अनुबंध पर साइन किया गया है। शार्दुल ठाकुर ने अपने इस नए सफर को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "मैं इस गर्मी में एसेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। यह मेरे लिए नई चुनौतियाँ और अवसर लेकर आएगा। काउंटी क्रिकेट हमेशा से मेरे लिए एक सपना रहा है और मैं ईगल्स का प्रतिनिधित्व करने को लेकर रोमांचित हूं।" मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ठाकुर भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। वह आखिरी बार 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के लिए खेले थे। हालांकि, इस समय वह मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में उपयोगी पारियां खेलने की क्षमता ने मुंबई को रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने ठाकुर को साइन करने को लेकर क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, "हम एक ऐसे तेज गेंदबाज की तलाश में थे, जो निचले क्रम में बल्लेबाजी में भी योगदान दे सके। शार्दुल इस भूमिका के लिए पूरी तरह फिट बैठते हैं और हम उन्हें अपनी टीम में शामिल कर बहुत खुश हैं।" एसेक्स का हमेशा से बल्लेबाजी में गहराई और निचले क्रम में आक्रामक ऑलराउंडर रखने का दृष्टिकोण रहा है। ठाकुर का यह संक्षिप्त कार्यकाल उन्हें नए अवसर प्रदान करेगा, जबकि एसेक्स को भी उनकी हरफनमौला क्षमताओं का फायदा मिलेगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट के अपने पहले सीज़न में एसेक्स के लिए कैसा प्रदर्शन करते हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में अर्शदीप को शामिल करे भारत : पोंटिंग

एजेंसी, दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांग्लादेश से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को इसमें हर्षित राणा की जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करना चाहिये। पोंटिंग के अनुसार इस टूर्नामेंट में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में अर्शदीप अहम भूमिका निभा सकते हैं। राणा ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर अंतिम ग्यारह के लिए अपनी दावेदारी पक्की की थी।

पोंटिंग ने कहा कि मैं पहले मैच के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को रखना चाहूंगा। इसलिए मैं राणा की जगह अर्शदीप को टीम में रखना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि अर्शदीप कितना अच्छा गेंदबाज है और अगर कौशल की बात करें तो शायद उसके पास भी बुमराह जैसा कौशल है। वह नई गेंद से डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन करने में सक्षम है। पोंटिंग ने कहा कि हर्षित भी एक अच्छा गेंदबाज है। मुझे लगता है कि वह काफी प्रतिभाशाली हैं और हम सभी जानते हैं कि नई गेंद से वह क्या कमाल कर सकता है पर मुझे नहीं लगता कि डेथ ओवरों में वह अर्शदीप जैसी भूमिका निभा सकता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अंतिम एकादश में बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होना अंतर पैदा करता है। इससे आक्रमण को विविधता मिलती है। टीम में नई गेंद संभालने और मूव करने में सक्षम गेंदबाज की हमेशा ही जरुरत होती है।



हैदराबाद एफसी पर लीग डबल पूरा करने उतरेगी मुम्बई सिटी एफसी

एजेंसी, हैदराबाद

मुम्बई सिटी एफसी बुधवार शाम यहां जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी, तो आइलैंडर्स का लक्ष्य हैदराबाद एफसी पर लीड डबल पूरा करना होगा, क्योंकि उन्होंने 30 नवंबर को रिवर्स फिक्स्चर 1-0 से जीता था। वहीं, मेजबान टीम अपने घर में लगातार तीसरी जीत हासिल करना चाहेगी, क्योंकि उसने अपने पिछले दो घरेलू मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी को 3-2 से और मोहम्मडन एससी को 3-1 से हराया था।

मुम्बई सिटी 20 मैचों में आठ जीत, सात ड्रा और पांच हार से 31 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। उसने पिछले पांच मैचों में दो जीते, दो ड्रा खेले और एक हार हारा है। हैदराबाद एफसी 20 मैचों में चार जीत, चार ड्रा और 12 हार से 16 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में 12वें स्थान पर है। उसने अपने पिछले चार मैचों में दो जीते हैं।

हैदराबाद ने आईएसएल 2024-25 में हैडर से नौ गोल खाए हैं, जो संयुक्त सबसे अधिक है। उसने सबसे कम क्लीन शीट (2) रखी हैं, और सभी 13 टीमों में सबसे अधिक गोल (41) खाए हैं।

रामलुंचुंगा ने इस सत्र के दौरान फाइनल थर्ड में 17 बार कब्जा जीता है, जो सभी भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक है। उन्होंने एक गोल किया, तीन असिस्ट किए हैं, और विपक्षी बॉक्स के अंदर 25 टच दर्ज किए हैं।

मुम्बई ने अपने कुल पास का 27.5% (कुल 9,104 पास में से 2,502) डिफेंसिव थर्ड में बनाया है, जो 94.6% सटीकता के साथ लीग में सबसे ज्यादा है। हैदराबाद के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने आगामी मैच के लिए अपनी टीम की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा, "खिलाड़ी मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ मैच पर ध्यान लगा रहे हैं। हमने कड़ी ट्रेनिंग की है और घरेलू मैदान पर सकारात्मक प्रदर्शन करने की उम्मीद है।"

वॉलीबॉल नेशंस लीग फाइनल 2025 की मेजबानी करेगा निंगबो

एजेंसी, जिनेवा

पूर्वी चीन का निंगबो इस गर्मी में 2025 वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) पुरुष फाइनल की मेजबानी करेगा।-इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन (एफआईवीबी) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। निंगबो बेइलुन स्पोर्ट्स एंड आर्ट्स सेंटर 30 जुलाई से 3 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जबकि महिलाओं का फाइनल 23 से 27 जुलाई तक पोलैंड के लॉड्ज में होगा। एफआईवीबी के अनुसार, हांगकांग और मकाओ ने 2024 में महिला वीएनएल के प्रत्येक दौर की मेजबानी की, 268 मिलियन दर्शकों को आकर्षित किया और चीन सेंट्रल टेलीविजन पर 168 घंटे का लाइव प्रसारण किया। एफआईवीबी ने यह भी कहा कि वीएनएल 2024 में चीन में दूसरा सबसे बड़ा खेल प्रसारण था, जिसकी अधिकतम दर्शक संख्या 23.6 मिलियन तक पहुंच गई थी। एफआईवीबी ने घोषणा की कि 2024 में वीएनएल ने वैश्विक स्तर पर उपस्थिति में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी।

ब्राज़ीलियन क्लब बोटाफोगो जाने के लिए तैयार पुर्तगाली कोच माटोस

एजेंसी, रियो डी जनेरियो

ब्राज़ीलियन क्लब बोटाफोगो ने पुर्तगाली प्रबंधक वास्को माटोस को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने का समझौता कर लिया है। 44 वर्षीय माटोस ने दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमति जताई है, जो दिसंबर 2026 तक चलेगा। स्थानीय समाचार आउटलेट ओ ग्लोबो की रिपोर्ट के अनुसार, रियो डी जनेरियो स्थित क्लब ने पुर्तगाल की शीर्ष लीग टीम सांता क्लारा के साथ माटोस के अनुबंध में रिलीज क्लॉज को सक्रिय करने के लिए 1 मिलियन यूरो का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा से पहले कुछ प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की जानी बाकी हैं। बोटाफोगो

इस साल की शुरुआत से बिना स्थायी मैनेजर के था, जब पूर्व कोच अर्तुर जॉर्ज ने जनवरी में कतर क्लब अल-रेयान का दामन थाम लिया था। तब से टीम की जिम्मेदारी क्लाउडियो कैकापा को अंतरिम कोच के रूप में सौंपी गई थी। कैकापा अब फिर से अपनी पिछली सहायक कोच की भूमिका में लौट सकते हैं। माटोस को यूरोप के सबसे होनहार युवा मैनेजरों में से एक माना जाता है। उन्होंने सांता क्लारा को पिछले साल पुर्तगाल के दूसरे डिवीजन का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता श्याम लाल मेमोरियल महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने दागे, जबकि पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल सोमवती ने किया। शानदार खेल के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि मनिता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक एवं भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, दिल्ली यूनिवर्सिटी की फिजिकल एजुकेशन विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता त्यागी, डीयूएससी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुशील कुमार, एम्यूनोथेरेपिस्ट डॉ. जमाल अनोनो खान और जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार वितरित किए। श्याम लाल कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी के संयोजक वी.एस. जग्गी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र महाजन ने कहा, "मुझे खुशी है कि हमारी बेटियां पूरे जोश और उत्साह के साथ हॉकी टूर्नामेंट में उतरीं। कॉलेज को इस आयोजन के लिए बधाई।"



सिर्फ फैशन नहीं पैशन बनकर भी उभर रहा टैटू आर्टिस्ट कॅरियर

कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी इसे अपने शरीर पर बनवा चुके है। हां ये बात जरुर ध्यान रखने लायक है कि इन्हें काफी सोच- समझकर ही बनवाना चाहिए क्योंकि इसे आसानी से नहीं मिटाया जा सकता है। इसको बनाने के लिए मशीन का उपयोग किया जाता है। टैंपररी टैटू इस तरह के टैटू काफी पापुलर है क्योंकि इन्है आसानी से रिमूव किया जा सकता हैं।

योग्यता

टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए इसके लिए क्रिएटिव होना बेहद जरुरी है। टैटू शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे बांह, कलाई, पीठ, पेट पैरों जैसे बॉडी पार्ट पर बनाए जाते है। अब ये आप पर है कि आप कैसे अपनी क्रिएटिविटी दिखाते है। विविध कलर कॉम्बीनेशन, केमिकल्स जिसका उपयोग टैटू बनाने के लिए किया जाता है उनकी जानकारी होना बेहद जरुरी है।

कैसे और कहां से ले ट्रेनिंग

इसके लिए किसी कॉलेज या युनिवर्सिटी से डिग्री या डिप्लोमा लेने की जरुरत नहीं है। इसके लिए कई संस्थान सामान्य ट्रेनिंग के जरिये टैटू मेकिंग सिखा कर लाइसेंस देते है। इसका लाइसेंस पाने के लिए एलायंस ऑफ प्रोफेशनल टैटूइस्ट्स (एपीटी) ने कुछ बेसिक स्टैंडर्ड तय किए है। भारत की लगभग सभी बड़ी मेट्रो सिटीज में इस कला की ट्रेनिंग देने के लिए स्टूडियोज बनाए गए है। इस कोर्स की अवधि लगभग 4 से 5 सप्ताह हो सकती है और खर्चा 75 हजार से लेकर 1 लाख तक हो सकता है।

कितनी होती है कमाई

शुरुआत में आपको इसके लिए 15 से 20 हजार रुपए मिल सकते है लेकिन अगर आपका काम अच्छा है तो आप नाम के साथ दाम भी कमा सकते है। एक टैटू आर्टिस्ट के तौर पर आप लाखों रुपए भी कमा सकते है। एक सफल टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए जरुरी है कि आपको नए ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि टैटू से त्वचा में कई तरह के संक्रमण भी फैलते है ऐसे में इसके बारे में भी आपको जानकारी होना चाहिए। आपको अपना नॉलेज बढ़ाने के लिए सेमिनार्स और वर्कशॉप भी अटेंड करते रहना चाहिए।

कैसे करें जेईई परीक्षा की तैयारी

आईआईटी में पढ़ाई करना हर छात्र का सपना होता है। हाल के सालों में कई आईआईटी के कई छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया है।

आईआईटी में पढ़ाई करना हर छात्र का सपना होता है। हाल के सालों में कई आईआईटी के कई छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया है। छात्रों के लिए भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश मिलना गर्व का क्षण होता है। इनमें प्रवेश के लिए ज्यादातर छात्र कोचिंग संस्थानों में कोचिंग करते हैं और इन संस्थानों के सुनियोजित और वैज्ञानिक ढंग से तैयार किए गए पाठ्यक्रम के कारण उन्हें सफलता भी मिलती है।

जेईई परीक्षा के बारे में कुछ रोचक तथ्य

जेईई एडवांस्ड की परीक्षा पास करने वले 56 प्रतिशत अभ्यर्थी किसी भी कोचिंग संस्थान में नहीं गए थे। इनमें से कुछ टॉप 50 या टॉप 100 की रैंक में शामिल अभ्यर्थी भी थे। जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करने वाले 87 प्रतिशत अभ्यर्थी मध्यम और निम्न मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके परिवार की सालान औसत आय पांच लाख रुपए से कम थी। 50 प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्थी ग्रामीण और अर्ध ग्रामीण क्षेत्रों से थे जहां प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जेईई परीक्षा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कैसे उत्तीर्ण की जा सकती है और यह कैसे सहायक है? यहां हम बिना किसी कोचिंग जेईई मुख्य परीक्षा पास करने के लिए कुछ विशेषज्ञ टिप्स आपको बता रहे है-

प्रासंगिक स्टडी मैटिरियल प्राप्त करे

उपयुक्त दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम का चयन सफलता के लिए पहला कदम है। प्रासंगिक स्टडी मैटिरियल प्राप्त करना, विशेषज्ञ गाइड बुक हासिल करना, जेईई स्टडी पैकेज, पिछले सालों के हल किए हुए प्रश्न पत्र आदि इकट्ठा करना हर छात्र की प्राथमिकता होना चाहिए। एक अच्छा और आसानी से समझ में आना वाला स्टडी मैटिरियल छात्र को पढ़ाई में बहुत सहायता कर सकता है। कुछ बड़े संस्थान अभ्यर्थियों को न सिर्फ स्टडी मैटिरियल देते हैं, बल्कि टेस्ट सिरीज भी उपलब्ध कराते है। ऑनलाइन टेस्ट सिरीज, विषय अनुसार पढ़ाई, शंकाएं दूर करने में सहायता, शिक्षकों से समय-समय पर संवाद और कक्षाओं की व्यवस्था भी इनके कार्यक्रम में शामिल होती है।

अपने टाइमटेबल का सख्ती से पालन करें

तैयारी के लिए समय का प्रबांधन सबसे जरूरी बात है। अपने सपने पूरे करने के लिए आपको अनुशासित रहना होगा और टाइमटेबिल का सख्ती से पालन करना होगा। अभ्यर्थी को साप्ताहिक टाइम टेबिल बनाना चाहिए और अपनी नियमित पढ़ाई के अलावा हर सप्ताह करीब 30 घंटे जेईई के गम्भीर अध्ययन के लिए देने चाहिए।

हर टॉपिक का सारांश खुद लिख कर तैयार करें

जेईई की तैयारी में खुद के लिखे हुए नोट्स फार्मूले, टिप्स आदि याद रखने में बहुत सहायता करते है। छात्रों को टॉपिक को याद करने और समझने के लिए जरूरी चित्र, कैरीकैचर, फिगर्स आदि भी बनाने चाहिए।

खुद की कमियां दूर करने के लिए करते रहें खुद का आकलन

एक अच्छे दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के तहत छात्रों को ऐसी टेस्ट सिरीज दी जाती है, जिससे छात्र जेईई का वास्तविक अनुभव ले सकें। इसके अलावा ये संस्थान विषय, टॉपिक और प्रश्नपत्र के आधार पर गम्भीर विश्लेषण भी कराते है जो काफी उपयोगी साबित होता है। खुद की कमियों को समझने के लिए प्रदर्शन आधारित विश्लेषण बहुत जरूरी है। इसकी उपेक्षा करना बहुत बड़ी भूल साबित हो सकता है। समस्याओं के रणनीतिक और मेथड आधारित समाधान के लिए मेहनत सबसे ज्यादा जरूरी है। कुछ बड़े संस्थान जैसे फिट जी और पीएटी आदि ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपलब्ध कराते हैं, जिन पर छात्र अखिल भारतीय टेस्ट के माध्यम से अपनी तैयारी की जांच कर सकते है। प्रदर्शन विश्लेषण कई मापदण्डों जैसे पिछले प्रश्नपत्रों के तुलनात्मक विश्लेषण, प्रोग्रेसिव विश्लेषण आदि पर आधरित होता है। इससे छात्रों को अपनी तैयारी सही ढंग से करने में सहायता मिलती है।

जेईई विशेषज्ञों के सम्पर्क में रहें

कुछ संस्थान दूरस्थ शिक्षा के छात्रों के लिए प्रतिमाह परिणाम विश्लेषण और शंका समाधान के सत्र आयोजित करते है। ये सत्र उनके अध्ययन केन्द्रों पर एक-दो दिन के लिए आयोजित किए जाते है। इससे छात्र शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से मिल पाते हैं और उनकी समस्याओं का वहीं समाधान हो जाता है। उन्हें कक्षा का नियमित छात्र होने का अनुभव भी मिल जाता है।

सकारात्मकता रखें

आपका व्यवहार हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए। खुद को सकारात्मक उर्जा से भरते रहें। खुद में विश्वास रखें, मेहनत करें और लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित रखें।

अच्छा खाएं, पूरा सोएं और तनावमुक्त रहें-तैयारी के दौरान कुछ समय आराम करने से चीजें बेहतर ढंग से याद रहती है। खुद पर ज्यादा भार न डाले और दिमाग को ट्रेक पर लाने के लिए कुछ समय दें। परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने से आपका तनाव दूर होगा। संतुलित भोजन, प्रोटीन और पेय पदार्थ लें। जेईई की गम्भीर तैयारी करने वाले के लिए आठ घंटे की नींद बहुत जरूरी है। इसके साथ ही दो घंटे रोज मनोरंजक गतिविधियों के लिए भी रखें। इससे आपका दिमाग तनावमुक्त बनेगा। इसके अलावा ध्यान लगाना भी बहुत अच्छा उपाय है।

क्या है बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर कोर्स

बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर(बी. आर्च) को हम वास्तुकला के नाम से भी जानते है। बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर पांच साल का स्नातक कोर्स या कार्यक्रम है। बी.आर्च एक तकनीकी पाठ्यक्रम अध्ययन है। जो विशेषकर एक वास्तुकार बनने के लिए आवश्यक है।

इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों को उनके नए विचारों और विश्लेषणात्मक योग्यता को और विकसित कर व्यावसायिक इमारतों, मॉल, परिसरों, राजमार्गों के निर्माण का अध्ययन कराया जाता है।

शैक्षिक योग्यता

बैचलर ऑफ़ आर्किटेक्चर कोर्स करने के लिए 10 + 2 की परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होनी चाहिए। बी.आर्च कोर्स की अवधि पांच साल की होती है।

इसे करने के फायदे

एक वास्तुकार का हर प्रोजेक्ट में काम अलग-अलग होता है। बी आर्च के कोर्स में ड्राइंग कौशल का विकास किया जाता है। अगर आप कुछ अलग करना चाहते है। तो आप बी.आर्च का कोर्स कर सकते हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण काम है। आप एक सफल आर्किटेक्चर के रूप में अपने करियर को संवार सकते हैं।

जॉब स्कोप

बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर का कोर्स सफल रूप से करने के बाद छात्रों के पास वास्तुकला के क्षेत्र में अपने करियर को बेहतरीन बनाने के सुनहरे अवसर होते हैं। जैसे- आर्किटेक्चरल इंजीनियर, आर्ट डायरेक्टर,बिल्डिंग कांट्रेक्टर एंड रेसेअर्चेर, इंटीरियर डिज़ाइनर,लैंडस्केप आर्किटेक्ट, डिजाईन इंजीनियर, ट्रांसपोर्ट प्लानर, प्लानिंग इंजीनियर, अर्बन प्लानर बन सकते हैं।

टॉप कॉलेज

बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर से सम्बंधित बहुत से कॉलेज है। जो बी. आर्च का कोर्स करवाते है। जो स्टुडेंट आर्किटेक्चर के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे ये कोर्स कर सकते हैं। आर्किटेक्चर का कोर्स करने के लिए छात्र इन कॉलेज में से अपना बेस्ट कॉलेज का चयन कर सकते हैं।

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खडगपुर
- स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रूडकी
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी तिरुचिरापल्ली
- सर जे जे कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर मुम्बई
- विस्वेसराय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी नागपुर
- सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल प्लानिंग एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी अहमदाबाद
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटीजालंधर
- सुशांत स्कूल ऑफ़ आर्ट एंड आर्किटेक्चर गुडगाँव
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली

वित्तीय व फाइनेंस में करें पीजी डिप्लोमा

बैंकिंग और फाइनेंस एक बेहद आकर्षक क्षेत्र है। इस कोर्स के पूरा होने के बाद न्यूनतम सैलरी के रूप में 35 हजार रुपए तक मिलता है। तजुर्बे के साथ साथ सैलरी में इजाफा होता चला जाता है। डिपार्टमेंटल एग्जाम में उत्तीर्ण होकर या फिर अनुभव के आधार पर भी उन्नति होती रहती है तो जाहिर है सैलरी में भी इजाफा होना लाजिमी है। बैंकिंग में रूचि रखने वाले लोगों के लिए यह कोर्स एक बेहतर विकल्प साबित होगा।

हर किसी के लिए बैंक में नौकरी पाना सर्वोपरि होता है इसके बाद लोग अन्य क्षेत्र में भाग्य आजमाते हैं। हर गांव को बैंक से जोडने की पहल में बैंकिंग सेक्टर तेजी के साथ कदम बढ़ा रहा है और इसमें अवसर भी उसी तेजी के साथ पैदा हो रहे हैं। ऐसे में अगर आप बैंकिंग एवं फाइनेंस में पीजी डिप्लोमा करना चाहते हैं तो पहले वित्तीय जानकारी एवं बाजार की परिस्थितियों की अच्छी समझ हो। चूंकि बैंकों व वित्तीय संस्थानों में पैसों का लेन देन होता है ऐसे में पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता होनी चाहिए। साथ उनमें मजबूत विश्लेषणात्मक कौशल होना जरूरी है।

क्या क्या पढ़ें

पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एवं फाइनेंस के तहत मूलभूत बैंकिंग नौकरी संबंधी प्रोफाइल जैसे धन जमा करना, डिमांड ड्राफ्ट बनाना और अन्य बैंकिंग कार्यों को संभालना आदि सिखाया जाता है। विभिन्न बैंकों के बीच में बैंकिंग कार्य, आसान खाता बही, कॉरपोरेट क्रेडिट, परियोजना क्रेडिट वित्तीय क्रेडिट और उपभोक्ता क्रेडिट आदि कार्यों को भी इसके तहत सिखाया जाता है। पाठ्यक्रम के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के तीस और 50 निजी क्षेत्र के बैंक और फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने की उम्मीदें बंधती हैं। इनमें ट्रेनिंग के बाद कई तरह के पदों की उम्मीद बंधती हैं जैसे वित्तीय प्रबंधक, बैंक टेलर, बिल और लेखा समाहर्ता। सभी योग्य छात्रों को इन संस्थानों में प्रबंधकीय नौकरी मिलती है।

योग्यता

बैंकिंग और फाइनेंस में पीजी डिप्लोमा करने के लिए छात्र को स्नातक में किसी भी विषय के तहत 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना चाहिए। कई संस्थान एससी/एसटी और ओबीसी को 5 फीसदी तक की छूट भी प्रदान करते हैं। इसमें भले ही कोई इस मानक को पूरा करने वाला पढ़ाई कर सकता है लेकिन संस्थान छात्रों को सलाह देते हैं कि वही इस तरफ का रूझान करे जिसकी दिलचस्पी फाइनेंस में हो। आजकल इस विशय में दो साल एमबीए करने के बजाए लोग पीजी डिप्लोमा को तरजीह देते हैं क्योंकि एक साल के कोर्स के बाद ही उन्हें बैंकों में अच्छी नौकरी मिल जाती है।

कैसे मिलता है दाखिला

यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां काम समाप्त करने की कोई समय सीमा नहीं है। यहां जरूरत है इस बात कि है कि संबंधित व्यक्ति तुरंत चीजों को समझे और उसमें इस बात की योग्यता हो कि वह तर्क को समझने की क्षमता रखता हो। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा करने के लिए पहले तो एप्टीट्यूड टेस्ट में पास होना जरूरी है और इसमें निजी रूप से साक्षात्कार भी देना होगा। इसमें मूलतः अंग्रेजी, गणितीय योग्यता, लिखित परीक्षा में रीजनिंग आदि की जांच की जाती है। असल में यह जानने की कोशिश की जाती है कि छात्र को मूल ज्ञान है कि नहीं। परीक्षा पूर्ण होने के बाद उन्हें इंटर्नशिप, शिक्षा लोन आदि कोर्स के बारे में बताया जाता है।

कॅरियर और प्लेसमेंट

इस क्षेत्र में करियर के बेशुमार अवसर उपलब्ध हैं। कोर्स के ख़त्म होने के बाद इंटरनेशनल बैंकिंग, फोरेक्स और ट्रेज़री, कॉर्पोरेट लोन्स, फाइनेंशियल रिसर्च से सम्बंधित संस्थानों में नौकरी के विकल्प खुल जाते हैं। कई अंतर्राष्ट्रीय बैंक्स अलग अलग स्किल्स के अभ्यार्थियों को अच्छी सैलरी में प्लेसमेंट देते हैं। सार्वजनिक बैंक ज्यादातर अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा के आधार पर क्लर्क और प्रोबेशनरी ऑफिसर्स के पदों के लिए वैकेंसी निकालते हैं।

आमदनी का जरिया

बैंकिंग और फाइनेंस एक बेहद आकर्षक क्षेत्र है। इस कोर्स के पूरा होने के बाद न्यूनतम सैलरी के रूप में 50 हज़ार रुपए तक मिलता है। तजुर्बे के साथ साथ सैलरी में इजाफा होता चला जाता है। डिपार्टमेंटल एग्जाम में उत्तीर्ण होकर या फिर अनुभव के आधार पर भी उन्नति होती रहती है तो जाहिर है सैलरी में भी इजाफा होना लाजिमी है। बैंकिंग में रूचि रखने वाले लोगों के लिए यह कोर्स एक बेहतर विकल्प साबित होगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

अलीजेह के बाद भांजे अयान अग्निहोत्री को प्रमोट करेंगे सलमान खान

भांजी अलीजेह को उनकी पहली फिल्म 'फर्रे' के लिए प्रमोट करने के बाद सलमान खान अब अपने भांजे अयान अग्निहोत्री के लिए आगे आए हैं। गायक, संगीतकार और रैपर के रूप में 'यूनिवर्सल लॉज' के साथ शुरुआत के लिए तैयार अयान के ट्रैक को सलमान दुबई में लॉन्च करेंगे। 'अग्नि' के नाम से मशहूर अयान 20 फरवरी को अपने ट्रैक 'यूनिवर्सल लॉज' के साथ एक गायक, संगीतकार और रैपर के रूप में शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। ट्रैक को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा, जिसमें सलमान अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ समारोह में शामिल होंगे।

एक सूत्र ने बताया कि कार्यक्रम में अरबाज खान, सोहेल खान, अलवीरा खान अग्निहोत्री, अर्पिता खान शर्मा, बॉबी देओल, सोनाक्षी सिन्हा समेत अन्य कई सितारे शामिल होंगे। उन्होंने बताया, 'यूनिवर्सल लॉज' सिर्फ एक गाना नहीं है – यह एक बहुमुखी कलाकार के रूप में अग्नि का शानदार बयान है। एक गायक, रैपर, गीतकार और संगीतकार के रूप में उन्होंने इस ट्रैक में अपने दिल के साथ आत्मा को भी डाल दिया है। गाने के जरिए मजबूत कहानी को एनर्जी से भरे बीट्स के साथ जोड़ा गया है। 'यूनिवर्सल लॉज' के निर्माता आदित्य देव हैं। दुबई में अपने स्टार-स्टडेड लॉन्च के बाद 'यूनिवर्सल लॉज' अग्नि के आधिकारिक यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर दुनिया भर में उपलब्ध होगा। अयान अलवीरा (सलमान की बहन) और अतुल अग्निहोत्री के बेटे हैं। अयान इससे पहले अपने मामा सलमान के साथ विशाल मिश्रा के ट्रैक 'यू आर माइन' में काम कर चुके हैं।

एक पुराने इंटरव्यू में अयान ने कहा था, मामू और विशाल मिश्रा (संगीतकार) कुछ समय से गाने पर काम कर रहे थे। उन्होंने एक संगीत वीडियो भी शूट किया था और अंतिम आउटपुट को बाउंस करके रिलीज करने के बहुत करीब थे। लेकिन मामू को लगा कि ट्रैक में कुछ और जोड़ा जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि सलमान ने अलवीरा को फोन करके पूछा था कि क्या अयान गाने के एक सेक्शन के लिए रैप कर सकते हैं। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा कि मैं यह करना पसंद करूंगा। इसलिए, मैंने 8-बार सेक्शन पर रैप के दो वर्जन लिखे। मामू ने इसे सुना और पसंद किया और मुझे विशाल से मिलने के लिए कहा। मैंने 20 मिनट में दोनों वर्जन लिखे थे।

शादी में बब्बर परिवार के शामिल न होने पर प्रिया बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर शादी रचाई। प्रतीक राज बब्बर और दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे हैं। प्रतीक ने अपनी दिवंगत मां स्मिता के मुंबई स्थित घर में ही शादी रचाई। लेकिन, इस शादी में उनके पिता राज बब्बर शामिल नहीं हुए। न ही बब्बर परिवार का कोई और सदस्य दिखाई दिया। इस पर प्रतीक की दुल्हन प्रिया बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी है।

सभी महत्वपूर्ण लोग मौजूद थे

प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी की शादी में न तो राज बब्बर नजर आए और न ही उनके सौतेले भाई-बहन जूही और आर्य बब्बर दिखे। इतने अहम दिन पर बब्बर परिवार की अनुपस्थिति के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद बब्बर परिवार के साथ प्रतीक के रिश्तों में कुछ दूरियां आ गई हैं। या कोई नाराजगी है। इन अफवाहों पर बात करते हुए प्रिया बनर्जी ने कहा, हमारे लिए जो मायने रखते हैं वो सभी लोग शादी में मौजूद थे।

क्या राज बब्बर को परिवार का सदस्य नहीं मानतीं प्रिया?

शादी के फंक्शन में बब्बर परिवार के शामिल न होने को लेकर प्रिया बनर्जी ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य गायब नहीं था। उन्होंने कहा, पता नहीं ऐसी अफवाह क्यों हैं? वहां हमारे लिए महत्वपूर्ण और परिवार के सभी लोग मौजूद थे। मेरे माता-पिता, प्रतीक की मौसियां, नाना-नानी, जिन्होंने प्रतीक की परवरिश की। सभी लोग शामिल थे। वे सभी लोग मौजूद थे, जिन्हें परिवार माना जाता है। प्रिया की इस टिप्पणी के बाद यह सवाल किया जा रहा है कि क्या प्रिया राज बब्बर को परिवार का हिस्सा नहीं मानती हैं।

यह घर उनकी तरफ से तोहफा है

प्रिया बनर्जी ने अपनी शादी के दिन का जिक्र करते हुए कहा कि शादी बिल्कुल वैसी ही हुई, जैसा उन्होंने और प्रतीक बब्बर ने सोचा था। उन्होंने इसे एक स्पेशल अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उस खास घड़ी में परिवार के सभी लोग एक ही छत के नीचे मौजूद रहे। प्रिया ने बताया कि प्रतीक की मां यानी अभिनेत्री स्मिता पाटिल ने वह घर काफी अरमानों से खरीदा था कि उसमें रहकर प्रतीक का पालन-पोषण करेंगी, लेकिन हालात ने इसकी इजाजत नहीं दी। प्रिया ने कहा, हमें यकीन है कि यह घर उनकी ओर से एक तोहफा है, वे चाहती थीं कि हमारा सफर यहीं से शुरू हो।

सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर रश्मि देसाई ने किए कई खुलासे

टीवी की तपस्या से पहचान पाने वाली अभिनेत्री रश्मि देसाई ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में अपने करियर और सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर बहुत सी बातें की हैं। उन्होंने कहा कि रश्मि और सिद्धार्थ ने करीब 9 महीने तक एक दूसरे से बात तक नहीं की थी।

रश्मि देसाई ने सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर बात की। भारती सिंह के पॉडकास्ट में रश्मि ने कहा कि हमारी अलग तरह की चीजें लोगों ने देखी बिग बॉस में। वो भी अच्छा था, मैं भी लोगों की मदद करती थी लेकिन जो कड़वाहट हमारे बीच आ गई थी, उस कारण ही ये सब हुआ। रश्मि देसाई ने कहा कि दिल से दिल तक हमारे बीच बात ही नहीं होती थी। हमारे काम के बीच ये तकरार कभी नहीं आई। वो जितना अच्छा इंसान था, दिल का भी उतना ही अच्छा था। साल 2018 में मेरा समय ठीक नहीं था, मैंने कई सारी चीजें इस दौरान सीखीं। रश्मि ने कहा कि हमनें काम के दौरान करीब 9 महीने तक बात की है।

काम को लेकर बोलीं रश्मि देसाई

रश्मि देसाई ने कहा कि मुझे अच्छा काम करना है। मैं ऐसा काम करना चाहती हूं, जिससे मुझे चैलेंज मिले। रश्मि देसाई ने कहा कि मैं घूमना चाहती हूं। मैं रोड ट्रिप करना चाहती हूं।

रश्मि ने कहा कि मुझे ब्रांड्स का कुछ खास शौक नहीं है लेकिन फिर भी मैं कुछ खर्च करना चाहती हूं। इन सबके बीच खुद को समय देना चाहूंगी।

बिग बॉस को लेकर कही ये बात

बिग बॉस 13 को लेकर भी रश्मि देसाई ने बात की। उन्होंने कहा कि ये शो मैंने सिर्फ पैसों के लिए किया था। मुझे उन दिनों पैसों की बहुत जरूरत थी। रश्मि ने कहा वो पांच महीने हमारे लिए ऐसे थे, जिसे हम आज तक नहीं भुला पाए हैं। रश्मि देसाई ने कहा कि बिग बॉस के दौरान वे जीवन में भी बहुत कठिन परिस्थिति से गुजर रही थीं। मुझे लगता है कि बिग बॉस करना मेरे जीवन का सबसे अच्छा निर्णय रहा।

ऑडिशन देने में नहीं कोई शर्म, बिना स्ट्रगल के कुछ नहीं मिलता, काम को लेकर बोले साकिब सलीम

83 और रंगबाज में नजर आ चुके साकिब सलीम इन दिनों क्राइम बीट शो में एक जर्नलिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। साकिब सलीम ने अपने करियर और शोज को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे अपने करियर के पड़ावों पर ऑडिशन देने से पीछे नहीं हटते हैं।

पत्रकार होना आसान नहीं

इंटरव्यू में साकिब ने पत्रकार की भूमिका को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वाकई ये बहुत मुश्किल जिंदगी है। यहां दिन-रात और तीन बार के खाने का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। आप हर समय किसी न किसी काम के पीछे भागते रहते हैं। बहुत जल्दी आपको कुछ भी नहीं मिलता है।

बदला लोगों को देखने का नजरिया

अभिनेता ने कहा कि अब अगर कोई मेरे पास स्टोरी मांगने या किसी बातचीत के लिए आता है तो मैं अब उन्हें अलग नजरिए से देखता हूं। पहले मैं ऐसा नहीं था, इस शो का मुझ पर काफी असर हुआ है। वे भी अपना काम ही करते हैं। अब मैं उनसे कहता हूं कि रुकिए मैं क्या बात कर सकता हूं, जिससे आपको स्टोरी मिल सके। ये बदलाव मैंने अपने अंदर महसूस किया है।

ऑडिशन देने में कोई शर्म नहीं

साकिब ने कहा कि वे अभी भी ऑडिशन देते हैं। स्ट्रगल करते हैं और इसमें उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है। साकिब ने कहा, आपको हर किरदार के लिए काम करना पड़ता है। मैंने अपने जीवन में 15-16 फिल्में या शो किए होंगे। अगर मैंने ऑडिशन नहीं दिया है, तो हर चीज के लिए भागदौड़ करनी पड़ी है। यह मेरे पास नहीं आया। मुझे कई जगहों पर जाना पड़ा और लोगों को खुद पर विश्वास दिलाना पड़ा।

ऑडिशन की बात आ जाता था गुस्सा

साकिब ने कहा कि उन्हें ऑडिशन किए जाने की बात पर गुस्सा आ जाता था। वे बुरा मान जाते थे, हालांकि, अब उन्हें इस बात का महत्व समझ आ गया है। उन्होंने कहा कि अब मुझे लगता है कि अगर आप एक अच्छे अभिनेता हैं, तो आपको ऑडिशन देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यह आपका काम है। आप घर बैठे बेहतर अभिनेता नहीं बन सकते हैं।

फिल्म मालिक में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं राजकुमार राव

अभिनेता राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं। फिल्म का नाम है मालिक। इस फिल्म का जबसे एलान हुआ है, दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट पर अपडेट शेयर कर दिया है। यह फिल्म जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मकेर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट से परदा उठाया है। 15 फरवरी को टिप्स फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें फिल्म से राजकुमार राव का लुक शेयर किया है। हाथों में गन थामे एक्टर इंटेस लुक में दिख रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, पूरे प्रदेश और देश पर राज करने आ रहे हैं मालिक। इसके साथ बताया गया है कि फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

आलिया भट्ट के लिए बोले करण जौहर, नहीं सोचा था वो इतनी बड़ी अभिनेत्री बनेंगी

बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर ने आलिया भट्ट को अपनी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करवाया। करण जौहर ने अब एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट और अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से जानते थे कि आलिया भट्ट स्टार बनने वाली हैं, लेकिन इतनी सफल अभिनेत्री बनने वाली हैं, नहीं पता था।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर को लेकर कही ये बात

यूट्यूब चैनल गेम चेंजर्स को दिए इंटरव्यू में करण जौहर ने कहा कि वरुण और सिद्धार्थ मेरे असिस्टेंट रह चुके थे माय नेम इज खान में। आलिया को मैं पहली बार लॉन्च करने जा रहा था। मैं उनसे पहली बार मेरे ऑफिस में मिला था, जब वे स्कूल से आईं थीं। जब इन तीनों को मैंने लॉन्च किया तो अपनी टीम से साफ कह दिया था कि इन तीनों के साथ आप बड़े स्टार्स की तरह ही ट्रीट करें। हमनें कभी उन्हें नए सितारों की तरह ट्रीट किया ही नहीं। हमने हमेशा उन्हें मेगा स्टार की तरह रखा, ताकि वे भी उसी तरह से काम कर सकें।

आलिया भट्ट को लेकर बोले निर्देशक

करण जौहर ने कहा, हमेशा लगा की आलिया स्टार बनेंगी, लेकिन इस किस्म की अभिनेत्री बनेंगी, यह मैं नहीं सोच पाया। करण जौहर ने कहा कि हमेशा कहता हूं कि उनका इमोशनल लॉन्च स्टूडेंट ऑफ द ईयर था और प्रोफेशनल लॉन्च हाइवे थी। उस फिल्म ने आलिया के लिए एक्टिंग के सारे दरवाजे खोल दिए।

अपनी निर्देशित फिल्मों पर की बात

करण जौहर ने अपने करियर की गेम चेंजिग फिल्म को लेकर बात की है। करण जौहर ने कहा, जब मैं माय नेम इज खान फिल्म पर काम कर रहा था। मुझे लगता था कि ये फिल्म मेरे दायरे के बाहर है। 12 सालों बाद मुझे लगा कि मुझे सच में काम आता है, मैं निर्देशक हूं।

18 अप्रैल को रिलीज होगी केसरी चैप्टर 2

साल 2019 में आई अक्षय कुमार की फिल्म केसरी सुपरहिट साबित हुई थी। अब वे केसरी चैप्टर 2 में नजर आएंगे। फिल्म मार्च में होली के अवसर पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसकी नई रिलीज डेट से परदा उठ गया है। मालूम हो कि इस बार फिल्म में आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। फिल्म कैसरी चैप्टर 2, 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम कैसरी चैप्टर 2 है, लेकिन 2019 की केसरी की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। इस फिल्म की कहानी वकील और पॉलिटिशियन रहे सी. शंकरन नायर पर आधारित है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का नाम पहले शंकरा रखा गया था, लेकिन बाद में बदल दिया गया। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो यह आजादी से पहले की है। इसमें स्वतंत्रता के दौरान हुई कई महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया जाएगा।